दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली।। सोमवार 22 अप्रैल -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 192 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## तिहाड़ जेल के बाहर 'आप' का प्रदर्शन
### केजरीवाल के लिए इंसुलिन लेकर पहुंचे कार्यकर्ता

**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल में सीएम केजरीवाल को इंसुलिन न दिए जाने के मुद्दे पर राजनीति बढ़ती जा रही है। आम आदमी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता और नेता आज तिहाड़ के बाहर इंसुलिन की खुराक लेकर जेल प्रशासन के खिलाफ सांकेतिक प्रदर्शन करने के लिए एकत्र हुए।



आप नेताओं ने तिहाड़ जेल अधिकारियों से सीएम केजरीवाल को इंसुलिन उपलब्ध कराने को कहा। आम आदमी पार्टी ने शनिवार को आरोप लगाया था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ जेल के अंदर 'धीमी मौत' की ओर धकेला जा रहा है और सवाल किया कि अधिकारी उन्हें इंसुलिन देने से क्यों मना कर रहे हैं। हालांकि, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इस दावे को खारिज कर दिया, उन्होंने केजरीवाल के आहार और इंसुलिन की जरूरत पर जेल अधिकारियों की रिपोर्ट का हवाला दिया। दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री आतिशी ने भाजपा, एलजी हाउस और तिहाड़ जेल प्रशासन पर आरोप लगाया।

# रविवार का दिन रहा भगवा प्रचार के नाम

## उत्तराखंड के सीएम-यूपी के डिप्टी सीएम-दिल्ली के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और यूथ आईकॉन नीरज सिंह ने संभाली कमान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रविवार को चुनावी प्रचार का पारा हाई रहा। चुनावी तापमान रविवार होने के बाद भी अपने पूरे ताप पर रहा। भाजपा की सियासी हस्तियों ने गाजियाबाद में लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के लिए प्रचार की कमान संभाली। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी गाजियाबाद में व्यापारियों के बीच पहुंचे तो यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने खोड़ा और साहिबाबाद में चुनाव प्रचार की कमान संभाली। दिल्ली के पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, सांसद मनोज तिवारी भी गाजियाबाद आये। मनोज तिवारी खजूरी में प्रचार के लिए पहुंचे। भाजपा के यूथ आईकॉन नीरज सिंह भी रविवार को गाजियाबाद में अपने तूफानी प्रचार दौरे पर थे। वो अनेक स्थानों पर पहुंचे और भाजपा के लिए प्रचार किया। भाजपा ने अपने चुनाव प्रचार में पूरी जान फूंक दी है।वो पहले दिन से ही अपने चुनाव को एक सधी हुई रणनीति के तहत लेकर चल रही है। भाजपा के तमाम बड़े चेहरे यहां प्रचार के लिए आ गये है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबसे पहले गाजियाबाद में भाजपा उम्मीदवार के लिए रोड शो करने आये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा उम्मीदवार के लिए चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने चुनाव प्रचार किया और उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री भी चुनाव प्रचार के लिए आये हैं। यहां भाजपा हाईराईज सोसाइटी से लेकर व्यापारियों के बीच आ गई है। वो अपनी विचारधारा को बता रही है और यहां वो अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं के नाम पर वोट मांग रही है। भाजपा के दिग्गज नेता इस समय चुनावी धूल को सिरमाथे लगाकर कमल का फूल खिलाने के लिए पूरी तरह से जोर लगा रहे हैं।

### व्यापारी एवं उद्यमी ही हमारे देश में अर्थव्यवस्था की रीढ़ : धामी



करंट क्राइम। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गाजियाबाद के लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में आयोजित 'व्यापारी सम्मेलन' में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे व्यापारी एवं उद्यमी ही हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और ब्राण्ड इण्डिया के सबसे अच्छे अम्बेसडर भी हैं। अगले 25 वर्षों में जब भारत एक अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित होगा, उसमें व्यापारियों, उद्यमियों का अहम योगदान होगा। मंचासीन उत्तर प्रदेश सरकार मंत्री कमल अग्रवाल, लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग, राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने सभागार में बैठे सभी व्यापारियों से मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमन्त्री बनाने की अपील की और कहा अबकी बार 400 पार।

पढ़ें, शेष पेज 3

### डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने किया यूपी की 80 सीट पर जीत का दावा

करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या रविवार को गाजियाबाद पहुंचे। उन्होंने यहां अपने सम्बोधन में उत्तरप्रदेश की सभी 80 सीट और देश में 370 से अधिक सीटें जीतने का दावा किया। केशव प्रसाद मौया ने कहा कि इस बार खोड़ा भी रिकार्ड तोड वोट देकर विकास को लेकर 100 साल आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि खोड़ा में पेयजल आपूर्ति की मुख्य समस्या को लेकर कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा द्वारा 250 करोड़ रूपये स्वीकृत कराये गये हैं। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि तीसरे कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था तीसरे नंबर पर होगी।



### जनता ने उमड़ कर बोला, रंगना है भगवा चोला : मनोज तिवारी



**करंट क्राइम।** भोजपुरी स्टार मनोज तिवारी ने किया प्रचार। भोजपुरी स्टार, लोकसभा सांसद और दिल्ली प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष मनोज तिवारी रविवार को खजूरी पार्क में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने भोजपुरी अंदाज में अपने गीतों से समां बांध दिया। जनता ने उमड़ कर बोला रंगना है भगवा चोला। दिल्ली उत्तर पूर्वी सीट से भाजपा उम्मीदवार एवं सांसद मनोज तिवारी देर रात खजूरी पार्क साहिबाबाद में जनसभा को सम्बोधित करने पहुंचे थे। जहां पर उन्होंने अपने अंदाज में भोजपुरी गीत सुनाकर जनता को भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग के पक्ष में रूझाने का माहौल बनाया। यहां पर भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा अपनी टीम के साथ डटे हुए नजर आये। मनोज तिवारी ने इस दौरान जहां विपक्ष पर जमकर तंज कसे वहीं कहा कि देश में एक बार फिर मोदी सरकार 400 सीटों के बड़े बहुमत के साथ बनने जा रही है। कार्यक्रम का नेतृत्व स्थानीय पार्षद राहुल शर्मा ने किया।

### यूपी में 80, देश में 400 पार, बहुमत से आ रही है मोदी जी की सरकार : नीरज सिंह



**करंट क्राइम।** नीरज सिंह दो दिन तक गाजियाबाद में चुनाव प्रचार करेंगे। नीरज सिंह ने रविवार को गाजियाबाद में डेरा डाल लिया। नीरज भैया के आने की खबर पहले से भाजपा कार्यकर्ताओं को थी और वो पूरे उत्साह के साथ नीरज सिंह के साथ थे। नीरज सिंह कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। वो भाजपा के महानगर कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता के प्रतिष्ठान समरकूल पर पहुंचे। यहां व्यापारी समर्थन कार्यक्रम में नीरज सिंह ने भाजपा के लिए वोट मांगे और कहा कि भाजपा ही देश हित और व्यापारी हित की बात करती है। इसके बाद नीरज सिंह गौड़ होम्स सोसाइटी में पहुंचे।



पढ़ें, शेष पेज 8

# मायावती ने भाजपा, कांग्रेस और सपा पर साधा निशाना

### कहा, जुमलेबाजी और गारंटी नहीं आएगी काम

### बीजेपी पूंजीपतियों को मालामाल करने और बचाने में लगी हुई है

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती रविवार को गाजियाबाद के रामलीला मैदान में लोकसभा चुनाव में जनसभा को संबोधित कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने समाजवादी, कांग्रेस और भाजपा पर सीधे तौर पर निशाना साधा और भाजपा को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा है की जुमलेबाजी और गारंटी अब काम नहीं आएगा। साथ ही मायावती ने कहा कि अच्छे दिन के प्रलोभन वाले प्लान की हकीकत कुछ और है। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया की पूंजीपतियों को मालामाल करने और बढ़ाने के काम में इन दोनों भारतीय जनता पार्टी लगी हुई है। साथ ही मायावती ने यह भी आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार को कम करने का जो वादा किया गया था, वह भी झूठा निकला है। इस मौके पर बसपा सुप्रीमो ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि आजादी के बाद से कांग्रेस की गलत नीतियों के कारण ही आज कांग्रेस सत्ता से बाहर हुई है। कवि नगर रामलीला मैदान में बोलते हुए मायावती ने कहा कि यहीं वजह है कि बहुजन समाज पार्टी ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस, सपा और अन्य किसी पार्टी से गठबंधन न करके अकेले चुनाव लड़ने का फैसला लिया है।





## गाजियाबाद लोकसभा सीट से नंदकिशोर पुंडीर और बागपत प्रत्याशी प्रवीण बंसल बैसला को जिताने की जनता से की अपील

### सभी पार्टियों ने यूपी में क्षत्रिय समाज की अपेक्षा की : मायावती

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री लोकसभा चुनाव के लिए कवि नगर रामलीला मैदान में जनसभा को संबोधित कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश के सभी राजनीतिक दलों पर क्षत्रिय समाज की उपेक्षा करने का आरोप लगाया और कहा कि केवल बहुजन समाज पार्टी ने क्षत्रिय समाज के सम्मान का ध्यान रखा और कई प्रत्याशियों को टिकट देने का भी काम किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इस बार गाजियाबाद सीट से क्षत्रिय टिकट काट दिया। वहीं मेरठ और सहारनपुर में भी दौड़ से क्षत्रियों को बाहर किया गया है।

### गाजियाबाद से क्यों बदला टिकट, ये भी बताया

करंट क्राइम : मायावती ने कहा, बसपा ने इससे पहले पंजाबी सिख समाज के व्यक्ति को गाजियाबाद से टिकट दिया था। लेकिन, जातीय रिपोर्ट की तुलना करने के बाद हमने यहां का टिकट बदला। पंजाबी सिख समाज का सम्मान रखते हुए हमने लखीमपुर खीरी में इस समाज का प्रत्याशी उतारा है। गाजियाबाद के आसपास अति पिछड़ा वर्ग की तादात भी काफी है। इसलिए गाजियाबाद से सटी बागपत सीट पर गुर्जर समाज के प्रवीन बंसल को प्रत्याशी बनाया है।

### सरकारी नौकरी में भर्ती पूरी नहीं की गई, सरकार अब प्राइवेट सेक्टर पर दे रही है ध्यान

करंट क्राइम : मायावती ने इस दौरान बीजेपी पर सरकारी नौकरी में भर्ती पूरी नहीं करने का आरोप लगाया। तो वहीं उन्होंने यह भी कहा कि अब भाजपा की सरकार प्रदेश और देश में केवल प्राइवेट सेक्टर की ओर ही ध्यान दे रही है। इस दौरान उन्होंने कहा कि गरीबों के हालत ठीक नहीं हैं। देश की अर्थव्यवस्था पहले की तरह नहीं रह गई है। पूर्व की सरकारों की तरह भाजपा सरकार ने भी गरीबी और महंगाई पर कुछ खास काम नहीं किया है। भ्रष्टाचार कम नहीं हुआ है और भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए साम, दाम दंडभेद सब लग रही है लेकिन सिद्धांत अब खत्म हो चुके हैं।



### देश की सीमाएं अभी पूरी तरह नहीं है सुरक्षित

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने इस दौरान विपक्षी दलों के साथ-साथ सत्ताधारी भाजपा को भी निशाने पर लिया। उन्होंने केंद्र सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा है कि देश की सीमाएं अभी पूरी तरीके से सुरक्षित नहीं हैं। यह एक चिंता का विषय है। इस दौरान मायावती ने कहा कि फ्री के राशन से कुछ होने वाला नहीं है। सरकार रोजगार, महंगाई से परेशान जनता को अलग तरीके से राहत देने का काम करना चाहिए।

### मंच से मायावती ने बताया क्यों नहीं बनाया बसपा ने चुनावी घोषणा पत्र

करंट क्राइम : इन दिनों सभी राजनीतिक दल अपने-अपने घोषणा पत्र की मंच से तारीफे और फायदे बनाने का काम कर रहे हैं। तो मायावती ने इससे अलग साफ तौर पर कहा कि चुनावी घोषणा पत्र को इसलिए नहीं बताती हैं क्योंकि इसमें केवल बहकाने के अलावा कुछ नहीं होता है। मायावती ने कहा कि वह कहने से ज्यादा करने में दम रखती हैं। यही वजह है कि उन्होंने बहुजन समाज पार्टी का कोई चुनावी घोषणा पत्र जारी नहीं किया है।

### मायावती के मंच पर यह चेहरे रहे मौजूद

करंट क्राइम : बसपा सुप्रीमो की रैली में मंच पर मौजूद रहने वाले प्रमुख नेताओं में पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी शमसुद्दीन राईन , सतपाल पेपला बालक बौद्ध , कुलदीप ओके, मेघा नंद जाटव,रवि जाटव, नरेन्द्र मोहित एडवोकेट, वहाब चौधर पूर्व विधायक, बासिद प्रधान, तिलक राम, ठाकुर नंद किशोर पुड़ीर लोकसभा प्रत्याशी गाजियाबाद, दयाराम सेन जिलाध्यक्ष, प्रवीण बैंसला बागपत लोकसभा प्रत्याशी,विक्रम भाटी जिला अध्यक्ष बागपत और धारा सिंह प्रजापति प्रत्याशी मुजफ्फरनगर नजर आए।

### मायावती ने की नंदकिशोर पुंडीर और प्रवीण बंसल बैंसला को विजयी बनाने की अपील

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री गाजियाबाद में कवि नगर रामलीला मैदान में जनसभा को संबोधित कर रही थीं। इस दौरान मायावती ने अपने चुनावी भाषण के बाद मंच से उपस्थित कार्यकर्ताओं को 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए याद दिलाया। तो उन्होंने कहा कि मायावती की जीत इसलिए जरूरी है क्योंकि दिल्ली में अपनी पार्टी सरकार बन सके। इस दौरान उन्होंने गाजियाबाद लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी नंदकिशोर पुंडीर और बागपत लोकसभा सीट के प्रत्याशी प्रवीण बंसल बैसला को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। साथ ही कार्यकर्ताओं से कहा है कि मतदान के लिए वह घरों से निकलें और अपने वोट को पोलिंग बूथ तक पहुंचाने का काम करें।

### इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर साधा निशाना

करंट क्राइम : मायावती पुरानी राजनीतिक हैं और यही कारण है कि जब वह मंच पर बोलती हैं तो विरोधियों को घेरने का काम करती हैं। कवि नगर रामलीला मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और भाजपा को जमकर घेरते हुए, इस दौरान भारतीय जनता पार्टी द्वारा इलेक्ट्रॉलर बॉन्ड मामले को लेकर भी उन्होंने निशाना साधने का काम किया। मायावती ने कहा कि जिस तरीके से काला धन लिया गया है, उसको लेकर ईडी और सीबीआई सब खामोश हैं।

### हेलीकॉप्टर उतरते ही लगे बहन जी के सम्मान में नारे

करंट क्राइम : अमरोहा में चुनावी जनसभा को संबोधित कर मायावती का हेलीकॉप्टर जैसे ही कवि नगर रामलीला मैदान के हेलीपैड पर उतरा तो हवा में हेलीपैड देखते ही बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बहन कुमारी मायावती जिंदाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए । इसके साथ ही नारा बहन जी के सम्मान में कार्यकर्ता मैदान में जमकर गूंजता रहा। वहीं हापुड़ से एक कार्यकर्ता संसद भवन के नीले सीन वाला मायावती और बाबा साहब का फोटो लेकर पहुंचा था। तो वहीं बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर नीली टोपी, नीला डुपट्टा और नीले कपड़े पहन कर पहुंची थीं। इस दौरान जब मायावती का चुनावी भाषण और कार्यक्रम खत्म हुआ तो यहां बहुजन समाज पार्टी का थीम सॉन्ग भी चलाया गया। जिस पर काफी देर तक बसपा कार्यकर्ता झूमते नजर आए।

### सुरक्षा व्यवस्था रही फुलप्रूफ

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के कार्यक्रम को लेकर सुबह से ही बड़ी संख्या में पुलिस बल और सुरक्षा बल की तैनाती की गई थी। डी से लेकर यहां प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर और डोर फ्रेम सुरक्षा कवच लगाए गए थे। इसके साथ ही बड़ी संख्या में महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई थी।



यातायात व्यवस्था को संभालने के लिए खुद एडीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र कुमार, एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी सलोनी अग्रवाल, एसीपी विवेक सिंह और एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था एवं यातायात की जिम्मेदारी संभालने वाली कल्पना सक्सेना भी रामलीला मैदान कवि नगर में मौजूद रहीं।

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...


# '26 अप्रैल को रखना याद, वोट करेगा गाजियाबाद' पर वॉकथान को पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्र ने दिखाई हरी झण्डी

## छोटी-छोटी वजह पर मतदान करने का हक नहीं छोड़ना चाहिए, यह आपका अधिकार है: पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्र

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप कार्यक्रम के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशानुसार एवं स्वीप नोडल प्रभारी/मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल के नेतृत्व में स्वर्ण जयंती पार्क, इन्दिरापुरम में 'गाजियाबाद रन फॉर वोट' 'वॉकथान' का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्र से के आगमन से पूर्व ही सैकड़ों की संख्या में वयस्क, युवक-युवतियां एवं छात्र-छात्राएं कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहे। डॉ. पूनम शर्मा ने मंच संचालन करते हुए सभी अतिथियों का स्वागत करवाते हुए सम्मानित करवाया। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने पुलिस कमिश्नर का स्वागत किया।

पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्र के आगमन के पश्चात विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रारम्भिक द्वार व स्टेज पर नुक्कड नाटक प्रस्तुत किया गया। इसके बाद के.आर. मंगलम वर्ल्ड स्कूल वैशाली के छात्रों ने बैंड बजाकर उत्कर्ष प्रदर्शन किया, तदोपरांत योग प्रस्तुति दी गयी। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा मतदान जागरूकता हेतु सुन्दर गीत भी गाया गया।





### राजनीतिक जागरूकता के बावजूद मतदान प्रतिशत कम है : कमिश्नर

पुलिस कमिश्नर ने कहा कि आज जिस समय में मैं सम्बोधन कर रहा हूं इसके ठीक पांच दिन बाद वोटिंग शुरू हो जायेगी। आप सभी बड़े शहरों के नागरिक हैं। अगर आज देख जाता है कि लोग सार्वजनिक जगहों पर ही नहीं बल्कि अपने घरों में परिवार के सदस्यों के बीच राजनीति की बात करते हैं। आज के समाज में सोशल मीडिया का महत्व बढ़ गया है। सोशल मीडया पर हर तीसरा मैसेज राजनीति से संबंधित होता है, लेकिन इतनी राजनीतिक जागरूकता होते हुए भी लोग मतदान करने नहीं जाते हैं। जिसके कारण मतदान का प्रतिशत गाजियाबाद मे 50 से 55 प्रतिशत तक ही हो पाता है। अत: आप सभी लोगों से अपील है कि इतनी राजीतिक जागरूकता होने से फायदा तभी होगा, जब हम वोट करेंगे और वोट का प्रतिशत बढ़ायेंगे। इसके लिए शासन-प्रशासन स्तर पर आप लोगों के लिए मतदेय स्थलों पर विशेष व्यवस्था की गयी है।

### वोट डालना राष्ट्र कर्तव्य है : अजय कुमार मिश्र

**करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नर ने आगे कहा कि जब यह छोटे-छोटे छात्र-छात्राएं लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए सुबह-सुबह रैली निकाल रहे हैं तो क्या हम वोट डालने नहीं जा सकते। अत: वोट जरूर डालें, इसे एक राष्ट्र कर्तव्य के रूप में देखे।

### अभिनव गोपाल ने सभी का आभार प्रकट किया

वॉकथान में मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल, डीसीपी ट्रांस हिण्डन निमेष पाटिल, जिला विकास अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा श्रीवास्तव, योगेन्द्र प्रताप सिंह जिला सूचना अधिकारी, एसीपी इन्दिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह, सिविल डिफेंस चीफ वार्डन ललित जायसवाल, उप प्रभारी खेल अधिकारी पूनम विश्नोई सहित अन्य अधिकारी सहित सैकड़ों की संख्या में गाजियाबादवासियों द्वारा वॉकथान में भाग लेते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के '26 अप्रैल को रखना याद, वोट करेगा गाजियाबाद' के साथ रैली निकाली गयी। स्वीप प्रभारी/मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी का आभार प्रकट करते हुए प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

# चुनाव की तैयारी को लेकर अधिकारियों ने व्यवस्था की दुरुस्त

## गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत उत्साहपूर्वक बन रहा है लोकतंत्र का पर्व





● मतदान हर नागरिक की अहम जिम्मेदारी : नगर आयुक्त

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर जनपद गाजियाबाद के बूथ प्रभारी विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में 3200 बूथों पर वृहद स्तर पर चल रही तैयारी लगभग पूर्ण हो गई है। आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ-साथ अधिकांश पोलिंग स्टेशन पर सेल्फी प्वाइंट भी लगाए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों का इंतजाम भी पुख्ता किया गया है। इसी क्रम में अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों को बखूबी निभा रहे हैं। मतदान केन्द्र के रैंप भी व्यवस्थित हो चुके हैं, रोशनी की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, पंखों की व्यवस्था, बैरिकेडिंग की व्यवस्था, सूचना पट की व्यवस्था को भी बेहतर किया गया है। बूथों के बाहर क्रमांक भी डाले जा चुके हैं। नगर आयुक्त गाजियाबाद के निर्देशानुसार हर विधानसभा में युवा, दिव्यांग, मॉडल तथा पिंक बूथ भी बनाए जा रहे हैं। लोकतंत्र के इस पर्व को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है।

### युवा बूथों पर बनाए गए हैं सेल्फी प्वाइंट

गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत मतदान केद्रों पर रफ्तार से कार्य पूर्ण किए गए हैं जिसकी मॉनिटरिंग वरिष्ठ अधिकारी गण भी कर रहे हैं। सभी युवा बूथों पर सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं। अपने मत का उपयोग करने के लिए जागरूकता स्लोगन भी दिए गए हैं। दिव्यांग बूथों पर रैंप की उचित व्यवस्था की गई है, आदर्श पोलिंग बूथ पर आई प्राउड वोटर जैसे कटआउट भी लगाए गए हैं।

### पिंक बूथ पर बनाए गए हैं क्रैच पॉइंट तथा फीडिंग पॉइंट

पिंक बूथ पर क्रैच पॉइंट तथा फीडिंग पॉइंट भी बनाए गए हैं। इस प्रकार की तैयारी को देखकर लग रहा है कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत उत्साहपूर्वक लोकतंत्र का पर्व मनाया जा रहा है। गाजियाबाद नगर निगम के अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, प्रभारी प्रकाश आश कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी व अन्य अधिकारी मौके पर मॉनिटरिंग करते हुए भी मिले।

### जन-जन को वोट देने के लिए किया जा रहा जागरूक

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा जहां पोलिंग स्टेशनों को व्यवस्थित करने के साथ-साथ नागरिकों से अपने मत का प्रयोग करने की अपील भी की जा रही है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान सर्वप्रथम अपने कर्तव्य को पूरा करते हुए वोट अवश्य देने के लिए जागरूक किया जा रहा है। मतदान हर नागरिक की अहम जिम्मेदारी बताते हुए जन-जन को वोट देने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में अन्य माध्यमों से भी गाजियाबाद नगर निगम वोटर को मतदान करने के लिए जागरूक कर रहे हैं।

# क्या सीएम पुष्कर सिंह धामी की सभा में सोच समझकर हुई अनिल अग्रवाल साँवरिया और बालकिशन गुप्ता की अनदेखी !



**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** उत्तराखण्ड के के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग के चुनाव को धार देने के लिए रविवार को गाज़ियाबाद आये थे . ये आयोजन व्यापारियों को फोकस करके आयोजित किया गया था. आयोजन में उमड़ी वैश्य एवं व्यापारिक वर्ग की संख्या ने कार्यक्रम पर सफलता की मुहर लगा दी. संयोजक के तौर पर गोपीचंद प्रधान का भी संयोजन शानदार रहा. कार्यक्रम में व्यापारिक वर्ग की मौजूदगी इस बात का बड़ा सबूत थी. वही मंच संचालन की ज़िम्मेदारी भाजपा के महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल भी मजबूती से निभा रहे थे. उनकी पूरी कोशिश भी यही थी कि उनसे किसी का नाम छूट ना जाये. साथ ही अधिकतर व्यापारी यहाँ पर सीएम उत्तराखण्ड का सम्मान भी कर ले. सम्मान और नाम वाले संबोधन की प्रक्रिया लगातार जारी थी. जरूरी एवं अनदेखे कई चेहरों ने पुष्कर सिंह धामी का सम्मान भी किया. मगर इस पूरी प्रक्रिया के बीच व्यापारी जगत के दो प्रमुख चेहरे बाय चांस इग्नोर किए गए. या फिर ये सब सोची समझी रणनीति का हिस्सा था. इस पर अब चचाओं का बाजार गर्म है. चर्चा भाजपा एवं व्यापारी नेता अनिल अग्रवाल साँवरिया और बाल किशन गुप्ता की कार्यक्रम में अनदेखी को लेकर सुनाई दे रही है. कहने वाले यही कह रहे है कि ये दोनों ही चेहरे व्यापारिक पहचान रखने के साथ समाज में प्रमुख स्थान रखते है. ऐसे में इन्हें कार्यक्रम में बुलाकर इनको इग्नोर करना अच्छा मेसेज नहीं था. जहां इतने लोगों से सम्मान कराया और मंच से अधिकतर चेहरों का नाम लिया, तो इन दोनों को लेकर क्या समस्या थी. कहने वाले ने कहा कि दोनों अनदेखी से शायद नाराज होकर कार्यक्रम से जल्दी चले गये. अनदेखी किस स्तर पर हुई है इसका संज्ञान भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा से लेकर मंच संचालनकर्ता के साथ कार्यक्रम संयोजक को भी लेना चाहिए. खास बात ये है जो चेहरे इन लोगों को अपना खास बताते है. इस अनदेखी का असर ऐसे चेहरों पर बिलकुल भी नहीं देखा जा रहा था. ये खास चेहरे इन दोनों के आयोजन से वापस चले जाने के बावजूद भी अपने मिशन फोटो को पूरा करने में मशगूल नजर आये और उसमें कामयाबी भी हासिल की .

# गठबंधन प्रत्याशी पं. अमरपाल शर्मा ने बड़ौत शहर में किया रोड शो




**बड़ौत, करंट क्राइम।** बागपत लोकसभा सीट से गठबंधन प्रत्याशी पं. अमरपाल शर्मा ने रविवार को बड़ौत शहर में रोड शो करते हुए जनता से जनसम्पर्क किया तथा आने वाली 26 तारीख को साइकिल का बटन दबाकर गठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील की ।रोड शो में उनके साथ ढोल-नगाड़ों के साथ हजारों की संख्या में उनके समर्थक भी मौजूद रहे। आज के रोड शो से शहर व क्षेत्र के लोगों से मिल रहे अपार जनसमर्थन की ताकत का अहसास कराते हुए ये संदेश देना था कि उनकी टक्कर में कोई नहीं है। अतः उन्हें और भारी बहुमत से विजई बनाकर लोकसभा भेजें।

### पं. अमरपाल ने भाजपा और रोलोद पर किया जमकर प्रहार

**करंट क्राइम।** पं. अमरपाल शर्मा ने जगह-जगह अपने सूक्षम सम्बोधनों में भाजपा और रोलोद पर भी जमकर प्रहार किया। पं अमरपाल शर्मा ने कहा कि पिछले पचास सालों से लोकदल ने इस क्षेत्र के विकास के लिए कुछ नहीं किया। दशकों पहले बने ज़िले को एक मेडिकल कॉलेज तो दूर जनपद को एक बेहतर सरकारी अस्पताल तक भी नहीं दे पाए। तो फिर क्यों और पांच साल माग रहे हैं। दिल्ली के इतने नजदीक होने के बावजूद क्यों बागपत विकास में इतना पिछड़ा हुआ है। पं. अमरपाल शर्मा ने शिक्षा,स्वास्थ्य, किसानों की समस्याओं सहित सम्पूर्ण विकास को प्राथमिकता के आधार पर काम करने की बातें कही। रोड शो दिल्ली सहारनपुर रोड पर मेन बस स्टैंड से शुरू हुआ। मुख्य मार्ग से होता हुआ जाट कॉलेज के सामने से बिजरौल रोड से रोहटा रोड रेलवे फाटक से संगम सिनेमा होते हुए शब्जी मंडी, नेहरू रोड, गुराना रोड, पठान कोट व बडका रोड से गुजरते हुए पूरे शहर को कवर करते हुए शाम को समाप्त हुआ। इस रोड शो में सपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी के अधिकांश जिला पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त हजारों समर्थकों ने भी भाग लिया।

# बंगाल में परिवारवाद की राजनीति को मिला बढ़ावा

## 42 लोकसभा सीटों में से 13 सीटों पर किसी न किसी नेता के घर से उम्मीदवार



**नई दिल्ली।** इस बार के लोकसभा चुनाव में वंशवाद या परिवार राजनीति देखने को मिल रही है। लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में खास जानकारी देखने मिली है। जहां इस परिवारवाद की राजनीति को बढ़ाया जा रहा है। बंगाल की 42 में से 13 लोकसभा सीटों पर मैदान में उतरे उम्मीदवार किसी न किसी राजनीतिक परिवारों से ताल्लुक रखते हैं।

पिछले चुनावों की तुलना में इसमें वृद्धि भी हुई है। पिछले चुनावों तक सिर्फ तीन सीटों पर यू उम्मीदवार देखने मिले थे। छात्र राजनीति पर पहचान बनाने वाले बंगाल में अब कई अहम बदलाव दिख रहे हैं, जिसमें राजनीतिक परिवार प्रमुखता से आ रहे हैं। बंगाल की राजनीति पर सेंटर फॉर स्टडीज इन सोशल साइंसेज के राजनीतिक वैज्ञानिक मैदुल इस्लाम ने कहा है कि यहां वंशवाद की राजनीति चलन में आ गई, जो एक समय तक वर्ग आधारित राजनीति हुआ करती थी। पिछले चुनाव में कभी इतने राजनीतिक परिवारों के उम्मीदवार नहीं आए। उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल की जनता जो हमेशा से राजनेताओं के पार्टी मुद्दे, काम, पार्टी प्रतीक आदि के तय होते थे, अब राजनीतिक राजवंश को जनता कैसे स्वीकार करेगी?

**इन पार्टी ने उतारे राजनीतिक परिवार के उम्मीदवार :** टीएमसी ने पांच, कांग्रेस ने चार और भाजपा और सीपीआई (एम) ने भी दो-दो उम्मीदवार उतारे हैं। वंशवाद राजनीति की आलोचना करने वाले भाजपा और सीपीआई (एम) भी राजनीतिक परिवार के उम्मीदवार को मैदान में लाने में पीछे नहीं रही।

टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर से दो बार के सांसद, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी चुनाव लड़ने वाले राजनीतिक वंशवाद के चार्ट में सबसे ऊपर हैं। वह इस सीट से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं। कांथी लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार सौमेंदु अधिकारी पूर्वी मिदनापुर के शक्तिशाली अधिकारी परिवार से आते हैं, उनके पिता सिसिर अधिकारी इस सीट से तीन बार सांसद रहे हैं, और उनके भाई सुवेंदु अधिकारी पश्चिम में विपक्ष के नेता हैं। टीएमसी ने उलुबेरिया से अपने मौजूदा सांसद - पूर्व टीएमसी सांसद सुल्तान अहमद की पत्नी सजदा अहमद को मैदान में उतारा है। जयनगर से उम्मीदवार प्रतिमा मंडल पार्टी के पूर्व सांसद गोबिंदा चंद्र नस्कर की बेटी हैं।

मालदा दक्षिण सीट पर, कांग्रेस ने कांग्रेस के संरक्षक एबीए गनी खान चौधरी के भाई, जिन्होंने 2006 के उपचुनावों में लगातार सीट जीती थी, अस्वस्थ अबू हासेम खान चौधरी से प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी उनके बेटे ईशा खान चौधरी, जो पूर्व कांग्रेसी हैं, को दे दी है।

# पार्षद शिल्पा चौधरी ने कार्यकर्ताओं के साथ किया जनसम्पर्क



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** जिले में लोकसभा चुनाव होने में केवल पांच दिन बचा है। इसी को मद्देनजर रखते हुए बीजेपी पार्षद शिल्पा चौधरी लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के लिए पूरी ताकत के साथ चुनाव प्रचार कर रहे हैं। सुबह से लेकर शाम तक जनता के बीच जाकर जनसंपर्क कर वोट मांग रहे हैं। इसी कड़ी में वार्ड 61 की पार्षद शिल्पा चौधरी ने वसुंधरा सेक्टर 4, 2,10, 5, में छोटी-छोटी सभा और नुक्कड़ सभा कर मतदाताओं से संपर्क किया और उनकी समस्याएं जानी, साथ ही लोकसभा चुनाव में वोट मांगे। भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष आशीष चौधरी ने कहा कि अबकी बार 400 पार साथ ही एक बार फिर मोदी सरकार करोड़ों लोगों को मिला 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज और आगे भी जारी रहेगा।



# सांसद बनकर पूरे क्षेत्र की सेवा करूंगा और आप लोगों के बीच में रहूंगा : डॉ. राजकुमार सांगवान



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** रविवार को बागपत लोकसभा क्षेत्र के मोदीनगर विधानसभा में एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान का विभिन्न गांव में कार्यक्रम रहा। डॉक्टर सांगवान ने कहा, सांसद बनकर पूरे क्षेत्र की सेवा करूंगा और आप लोगों के बीच में रहूंगा। केवल जब लोकसभा चलेगी तभी दिल्ली जाऊंगा। मुझे अपनों के बीच में रहना है और क्षेत्र की सेवा करना यही मेरा धर्म होगा। डॉ. राजकुमार सांगवान के साथ में विधायक मोदीनगर डॉ. मंजू सिवाच, चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ, स्याना के पूर्व विधायक व अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दिलनवाज खान, मंडल अध्यक्ष इंद्रवीर भाटी मोदीनगर अध्यक्ष विनोद वैशाली पूर्व विधायक पंडित सुदेश शर्मा, कृष्णवीर चेयरमैन, रामआसरे शर्मा, कपिल चौधरी, निवाड़ी चेयरमैन अनिल त्यागी, सत्येंद्र त्यागी, योगेंद्र पतला संजीत नेहरा, शाहिद प्रधान, उमेद काजमपुर, युवा जिला अध्यक्ष जयदीप, अध्यक्ष अमित त्यागी सत्येंद्र तोमर, आशीष कुशैडी, सतीश राठी, दीपक राठी, चांदवीर चुड़ियाला, दर्शन नेहरा, आदि ने मनौटा, काजमपुर, दौसा बंजारपुर, मानकी, नंगला बेर, जहांगीरपुर, पट्टी, तिबड़ा, खंजरपुर मछरी, शाहजहांपुर, विद्यापुर, बखरवा, रोरी, हृदयपुर भंडौला, त्यौडी-7, त्यौडी- 13 रघुनाथपुर खेड़ा, फरीदनगर, कलछीना, सौन्दा रोड शिवपुरी देव नगर राम जोड़ी मंदिर, तिबड़ा रोड कृष्णकुंज आदि ने गांव में जाकर एनडीए गठबंधन प्रत्याशी राजकुमार सांगवान को अपना बहुमूल्य वोट देकर सफल बनाने की अपील की।

# पाञ्चजन्य ऑर्गनाइजर पाठक मिलन कार्यक्रम का आयोजन





**साहिबाबाद करंट क्राइम ।** इन्दिरपुरम स्थित भारत रेजीडेंसी सोसाइटी परिसर में पाञ्चजन्य एव ऑर्गनाइजर पत्रिकाओं के पाठकों की एक गोष्ठी का आयोजन हरनंदी महानगर के प्रचार विभाग द्वारा किया गया। गोष्ठी में आये पाठकों ने अपने अनुभव कथन व सुझाव रखें साथ इसे पढ़ने के पश्चात अपने जीवन में आये सकारात्मक बदलाव पर भी चर्चा की। पाञ्चजन्य के सह-संपादक आलोक नें पाठकों से चर्चा की, सुझाव भी लिए और अनेकों घटनाओं के माध्यम से पत्रिका के ध्येय ॥बात भारत की॥ को सभी के समक्ष रखते हुए अनेकों महत्वपूर्ण घटनाओं से जुड़ी जानकारी साझा की। आलोक ने बताया कि आज पाञ्चजन्य सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे एक्स, इंस्टाग्राम, यूट्यूब पर भी उपलब्ध है जो सभी जानकारी को उपलब्ध करवा रहा है। अप्रैल से जुलाई के मध्य पत्रिका में शिक्षा संबंधी विशेष अंकों की प्रसारण की जाती है जिससे बहुत से छात्र और छात्राओं को शिक्षा संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध होती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख तपन ने बताया कि कैसे हम अभी भी वैचारिक गुलामी में फसे हुए है। उन्होंने कहा कि पाञ्चजन्य के माध्यम से हम अपने विचार शुद्ध कर सकते हैं और पूर्ण तर्क सहित विषयों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर महानगर संघचालक प्रदीप, गाजियाबाद विभाग प्रचार प्रमुख अखिलेश, हरनंदी महानगर कार्यवाह आशीष आदि मौजूद रहे।

# पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने जनसंपर्क कर केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताईं




**साहिबाबाद करंट क्राइम।** वार्ड 41 के झंडापुर में लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को जनसम्पर्क अभियान के तहत झंडापुर व महाराजपुर में पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में मेन मार्केट में सभी व्यापारियों से जनसंपर्क कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियां की जानकारी दी। साथ ही कार्यकताओं को मोदी नौ साल कार्यकाल की जन योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने कहा जबसे देश की सत्ता पीएम मोदी के हाथों में आई है। भारत ने कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं। कहा आज दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश भी भारत के तरफ दोस्ती के हाथ बढ़ा रहे है। जिससे यह पता चलता है कि भारत आज की तारीख में दुनियां के सबसे ताकतवर देशों में शुमार हो रहा है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से भी आह्वान किया कि 26 अप्रेल को भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग को अधिक से अधिक मतो से जीतने का काम भाजपा का कार्यकर्ता करेगा। इस अवसर पर नंदकिशोर वशिष्ठ, होशियार सिंह, मोहित सिंह, प्रीतम सूर्यवंशी, राहुल परिहार, हेमलता शर्मा, शशि शर्मा, पुष्पेंद्र सिंह, संतोष पासवान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। सोमवार 22 अप्रैल -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# व्यापारी एवं उद्यमी ही हमारे देश में अर्थव्यवस्था की रीढ़ : धामी












**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गाजियाबाद के लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में आयोजित ₹व्यापारी सम्मेलन₹ में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे व्यापारी एवं उद्यमी ही हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और ब्राण्ड इण्डिया के सबसे अच्छे अम्बेसडर भी हैं। अगले 25 वर्षों में जब भारत एक अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित होगा, उसमें व्यापारियों, उद्यमियों का अहम योगदान होगा।

मंचासीन उत्तर प्रदेश सरकार मंत्री कमल अग्रवाल, लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग, राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने सभागार में बैठे सभी व्यापारियों से मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमन्त्री बनाने की अपील की और कहा अबकी बार 400 पार।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रशान्त चौधरी, क्षेत्रीय मंत्री आशीष वत्स, कार्यक्रम संयोजक गोपीचंद प्रधान, मंच संचालन महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल, संजीव गुप्ता, अतुल जैन, अनुज मित्तल, सुनील गोयल, बृज मोहन, अशोक चावला, आनंद प्रकाश, विपिन मोहन गर्ग, सुधीर गोयल मोनू, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, अनिल सांवरिया, बालकिशन गुप्ता बालू भाई, अशोक भारतीय सहित अन्य व्यापार मण्डलो के अध्यक्ष तथा 370 विभिन्न व्यापार मंडलों व संगठनों के सदस्य व्यापारी तथा उद्योगपति उपस्थित रहे।

सभी व्यापारिक संगठनों के अध्यक्षों ने मुख्य अतिथि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का प्रतीक चिह्न देकर स्वागत अभिनंदन किया। उन्होंने सिविल कोड लागू करने की बात भी कही।



## 370 व्यापार मंडलों ने जब की भाजपा उम्मीदवार को समर्थन देने की घोषणा

करंट क्राइम। भाजपा केवल राम के नाम पर वोट नहीं मांग रही है वो अपने काम के नाम पर भी वोट मांग रही है। रविवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी हिंदी भवन सभागार में व्यापारी सम्मेलन में मौजूद थे। यहां पर लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा मौजूद थे और इस कार्यक्रम के संयोजक गोपी चंद प्रधान थे। मंच संचालन महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल ने संभाला। बड़ी बात ये थी कि इस कार्यक्रम में 370 अलग अलग व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मौजूद थे। पूरा हिंदी भवन सभागार उस समय भाजपा की जयकार के नारों से गूंज उठा जब 370 व्यापार मंडलों ने भाजपा उम्मीदवार को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की।

## अनाज मंडी से लेकर लोहा मंडी से आई भाजपा को जिताने की आवाज

करंट क्राइम। रविवार को हिंदी भवन में व्यापारी सम्मेलन था और इस सम्मेलन में उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी आये। सम्मेलन भले ही व्यापारी थी लेकिन यह पूरी तरह से भाजपा के लिए था। इस सम्मेलन में व्यापारी एकता की बात करें तो अनाज मंडी से लेकर लोहा मंडी की आवाज भाजपा को जिंदाबाद कर रही थी। लोहा व्यापार मंडल के अध्यक्ष अतुल जैन यहां मौजूद थे तो गोविन्दपुरम अनाज मंडी के महामंत्री सुधीर गोयल मोनू ने कमान संभाल रखी थी। इस सम्मेलन में व्यापार मंडल के अनिल सावंरिया, बाल कृष्ण बालू और गोपीचंद प्रधान भी थे। विपिन मोहन गर्ग भी थे और आनन्द प्रकाश भी थे।













# अच्छे दिन का सपना रह गया अधूरा, अग्निवीर स्कीम को खत्म करेंगी कांग्रेस : प्रमोद तिवारी





## प्रमोद तिवारी ने कहा डॉली शर्मा की जीत विपक्ष को देगी करारा जवाब

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंडिया गठबंधन की संयुक्त प्रत्याशी डॉली शर्मा के चुनाव प्रचार में रविवार को राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी गाजियाबाद पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने डॉली शर्मा के अंबेडकर रोड स्थित कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान प्रमोद तिवारी ने कहा कि चंदा घोटाले के लिए भारतीय जनता पार्टी की कड़ी निंदा और आलोचना करता हूं।

उन्होंने कहा कि 13000 करोड़ रुपए जिसमें एक साल की वसूली सम्मिलित नहीं है, यही इलेक्टोरल बॉंड की सच्चाई है। उन्होंने कहा कि जिस मामले पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय को निर्णय लेना पड़ा हो समझिए कि सरकार ने किस तरीके से तानाशाही अपना रखी है। साथ ही प्रमोद तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार, ईडी सीबीआई और इनकम टैक्स का डर दिखाकर हफ्ता वसूली और डोनेशन वसूली करती है। जिसका एक खुलासा इलेक्टोरल बांड घोटाला है। उन्होंने बताया कि किस तरीके से करोड़ों रुपए लेकर दोबारा सरकार ने अपनी एजेंसियों का दबाव दिखाकर वसूली करने का काम किया है। इस दौरान प्रमोद तिवारी ने कहा कि उन्होंने प्रेसनोट में साक्ष्य दिए हैं और कंपनियों के नाम भी दिए हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए प्रमोद तिवारी ने कहा कि जनता महंगाई की भयंकर मार झेल रही है। पेट्रोलियम से लेकर खाद्य तेल एवं रसोई गैस सभी की कीमतों में भारी बढ़ोत्तरी हुई है। आवश्यक वस्तुओं की पहुंच लोगों से बाहर हो गई है जबकि सरकार चुपचाप खामोश बैठी हुई है।

प्रधानमंत्री ने जो कहा था ना खाऊंगा ना खाने दूंगा यह सच साबित हो रहा है। इस दौरान उन्होंने डॉली शर्मा को विजयी बनाने और भारतीय जनता पार्टी को आईना दिखाने की भी अपील की है। इस मौके पर पार्टी प्रत्याशी डॉली शर्मा महान अध्यक्ष विजय चौधरी, जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी, सपा जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन, पूर्व मंत्री केके शर्मा,सपा नेता अभिषेक गर्ग, सपा नेता पूर्व महानगर अध्यक्ष राहुल चौधरी, राशिद मलिक ,नरेंद्र भारद्वाज सहित अन्य नेता मंच पर मौजूद रहे।

## प्रमोद तिवारी का दावा पहले चरण में जीत रहे हैं 5 से अधिक सीटें



## प्रमोद तिवारी ने कहा बसपा वोट कटवा पार्टी हो गई है

करंट क्राइम। कांग्रेस के वर्तमान में राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे, तो उन्होंने सीधे तौर पर बहुजन समाज पार्टी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बसपा अब वोट कटवा पार्टी हो गई है। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी नेता और कार्यकर्ता जिस तरीके से डॉली शर्मा के चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं, उनको उम्मीद है कि यह चुनाव संयुक्त प्रत्याशी के लिए सफल रहेगा।

## अग्नि वीर स्कीम को खत्म करेगी कांग्रेस

करंट क्राइम। प्रमोद तिवारी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा है कि मोदी जी ने सेना को मजबूत करने का दावा किया था किंतु सच्चाई है की अग्नि वीर योजना लाकर युवाओं को भरी जवानी में चार साल में सेवानिवृत कर दिया जाएगा और उन्हें न पेंशन दी जाएगी और ना नौकरी के बाद सैनिकों वाली कोई सुविधा प्रदान होगी। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि 6 महीने की ट्रेनिंग करने के बाद युवाओं को मौत के मुंह में चीन के बॉर्डर पर धकेलना का काम किया जा रहा है। इस मौके पर प्रमोद तिवारी ने चीन को लेकर प्रधानमंत्री पर कहा कि वो बड़े-बड़े दावे करते थे, उसी चीन की सीमा पर भारतीय जवानों को पेट्रोलिंग तक नहीं करने दी जा रही है। प्रमोद तिवारी ने कहा है कि सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन सुविधा ओल्ड पेंशन स्कीम नहीं मिलती है, उसे कांग्रेस चालू करेगी।



## महंगाई के मुद्दे पर बोले प्रमोद तिवारी 11 साल में सब कुछ डबल है

करंट क्राइम। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने जहा आटा, फुल क्रीम दूध, देसी घी, सरसों के तेल और अरहर की दाल से लेकर रसोई गैस और पेट्रोल से लेकर डीजल के दामों का आकलन पत्रकारों के सामने रखा और बताया कि किस तरीके से महंगाई कम करने के मामले में भी एनडीए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार पूरी तरह से फेल नजर आ रही है। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2013 में पेट्रोल 66 में प्रति लीटर था और डीजल 52 जबकि 2024 में यह पेट्रोल 97 और डीजल 90 रुपये लीटर पहुंच गया है। इस दौरान उन्होंने कच्चे तेल की कीमतों का भी हवाला दिया और कहा कि बाजार भाव कम होने के बावजूद भी देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी नहीं आई है।

## गरीब परिवारों को मिलेगा सालाना एक लाख रुपये और जीएसटी व्यवस्था को करेंगे ठीक

करंट क्राइम : प्रमोद तिवारी ने डॉली शर्मा के लिए जहां वोट करने की अपील की, तो वहीं प्रेसवार्ता के माध्यम से जानकारी दी की अगर कांग्रेस की सरकार आएगी तो कुछ प्रमुख गारंटी तय कर ली गई हैं। जिसमें गरीब परिवारों की एक महिला को सालाना 1 लाख रुपये देने का काम। साथ ही सभी ग्रेजुएट और डिप्लोमा होल्डर्स को 1 साल की इंटर्नशिप और एक लाख रुपये। किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी। मनरेगा श्रमिकों को मेहनताना कम से कम 400 रुपये और कांटेक्ट मजदूरी को खत्म करने का काम होगा। 30 लाख सरकारी नौकरियां दी जाएगी। अग्नि वीर योजना को खत्म करेंगे और जीएसटी व्यवस्था को सुधारने का काम किया ।

## संपादकीय

# ईवीएम का औचित्य

आम चुनाव, 2024 के लिए मतदान की शुरुआत हो चुकी है। देश के 17 राज्यों और 7 संघशासित क्षेत्रों की 102 लोकसभा सीटों पर प्रथम चरण का मतदान हो चुका है। जनादेश का एक हिस्सा उन ईवीएम में ही दर्ज हो चुका है। तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और पंजाब आदि राज्यों में गैर-भाजपा दलों की आज भी सरकारें हैं, जो ईवीएम के जरिए ही बनी हैं। चुनावी पराजय से पूर्व राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में भी 2018 में कांग्रेस सत्तारूढ़ हुई थी। तब भी मतदान ईवीएम के जरिए ही हुआ था। एक बार फिर यह मामला सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है। दो न्यायाधीशों की खंडपीठ ने फैसला सुरक्षित रखा है। ईवीएम का इस्तेमाल छोड़ कर मतपत्रों वाले मतदान के पाषाणकाल की ओर लौटना क्यों चाहता है? हालांकि बूथ छापने, लूटने और फर्जी मतदान के उस दौर को सर्वोच्च अदालत खारिज कर चुकी है।

ईवीएम की शुरुआत कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान हुई थी। 2004 के उस दौर से लेकर आज तक करीब 340 करोड़ मतदाता अपने संवैधानिक मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके हैं और 4 लोकसभा चुनाव ईवीएम के जरिए सम्पन्न कराए जा चुके हैं। 26 विधानसभा चुनावों और एक लोकसभा चुनाव में वीवीपैट पर्ची का भी इस्तेमाल किया जा चुका है। एक आम चुनाव में 55 लाख से अधिक ईवीएम का इस्तेमाल किया जाता है और करीब 1.5 करोड़ चुनावकर्मी मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेते हैं। ईवीएम किसी लैपटॉप, कम्प्यूटर अथवा इंटरनेट नेटवर्क से जुड़ी हुई नहीं है, उसे हैक करना या छेड़छाड़ करना संभव नहीं है, अलबत्ता मशीन में तकनीकी खराबी जरूर आ सकती है।

उस स्थिति में ईवीएम बदलने की पारदर्शी व्यवस्था है। चुनाव आयोग ने अदालत में अपना समूचा पक्ष रखा है। वीवीपैट पर्ची और वोटिंग के आपसी मिलान पर भी स्पष्टीकरण दिया है। पर्ची 7 सेकंड के लिए दिखती है। उसके बाद पर्ची मशीन में ही चली जाती है। न्यायिक पीठ को बताया गया कि पर्ची को मतदाता को देना जोखिम का काम है। इससे गोपनीयता भंग हो सकती है और बाहर निकालने पर पर्ची का दुरुपयोग भी किया जा सकता है। याचिकाकर्ता ने मतदान और पर्ची की 100 फीसदी क्रॉस चेकिंग की मांग की है। अब चुनाव की निष्पक्षता, ईमानदारी बरकरार रहे, मतदाताओं के जेहन में लेशमात्र भी संदेह नहीं होना चाहिए और आयोग की संवैधानिक स्वायत्तता भी बनी रहे, उस संदर्भ में अदालत को निर्णय देना है। ईवीएम को लेकर अक्सर प्रलाप मचाया जाता रहा है और चुनाव आयोग को भी कटघरे में खड़ा किया जाता रहा है, यह प्रवृत्ति दुराग्रहपूर्ण है। क्या एक संवैधानिक व्यवस्था ऐसे काम कर सकती है? न्यायिक पीठ के सामने चुनाव आयोग ने खुलासा किया कि 4 करोड़ ईवीएम वोट और वीवीपैट पर्चियों के मिलान कराए गए हैं। बहरहाल अदालती फैसले की प्रतीक्षा है।

# 'राजनीतिक दलों के मुफ्त उपहारों पर लाना चाहिए श्वेतपत्र'

**नई दिल्ली।** आरबीआई के पूर्व गवर्नर का कहना है कि लोगों को मुफ्त उपहारों के बारे में जागरूक करना चाहिए। सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि हम इस पर कैसे रोक लगा सकते हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने मुफ्त उपहार को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को सलाह दी है।



उनका कहना है कि सरकार को मुफ्त उपहार देने के मुद्दे पर राजनीतिक दलों के बीच सहमति बनाने के लिए 'श्वेत पत्र' लाना चाहिए। साथ ही इस बारे में गहन बहस होनी चाहिए कि इस संबंध में राजनीतिक दलों पर कैसे अंकुश लगाया जाए। मुफ्त उपहारों की लागत और लाभों के बारे में करें जागरूक सुब्बाराव ने यह भी सलाह दी कि आम जनता को इन मुफ्त उपहारों की लागत और लाभों के बारे में अधिक जागरूक किया जाना चाहिए और यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इस बारे में लोगों को कैसे शिक्षित करे। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह एक राजनीतिक मुद्दा है और इस पर राजनीतिक सहमति होनी चाहिए। इसका नेतृत्व केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री को करना होता है। मेरा मानना है कि उन्हें एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए और इस पर आम सहमति बनाने का प्रयास करना चाहिए।'

**इस पर कैसे लगा सकते हैं रोक :** आरबीआई के पूर्व गवर्नर का कहना है कि लोगों को मुफ्त उपहारों के बारे में जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि हम इस पर कैसे रोक लगा सकते हैं और हम इसे कैसे लागू कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत जैसे गरीब देश में यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह सबसे कमजोर वर्गों को कुछ सुरक्षा तंत्र प्रदान करे और यह भी आत्मनिरीक्षण करे कि वित्तीय बाधाओं को देखते हुए उन्हें कितना दूर तक ले जाया जा सकता है।

उन्होंने सलाह देते हुए कहा, 'आपको पूछना चाहिए कि क्या यह इस धन का सर्वश्रेष्ठ उपयोग है या हम कुछ बेहतर कर सकते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि हमें मुफ्त उपहारों पर अधिक जागरूक होना चाहिए। साथ ही जोरदार बहस करनी चाहिए और यह पता लगाना चाहिए कि हम राजनीतिक दलों पर कुछ संयम कैसे लगा सकते हैं।'

**वित्तीय अनुशासन बनाए रखना जरूरी :** एफआरबीएम की सीमा का उल्लंघन करने वाले कुछ राज्यों के बारे में उन्होंने कहा कि राज्यों और केंद्र सरकार को वित्तीय अनुशासन बनाए रखना चाहिए और एफआरबीएम लक्ष्यों का पालन किया जाना चाहिए।

एक सवाल पर सुब्बाराव ने कहा कि आईएमएफ के एक अध्ययन के अनुसार भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए 2047 तक लगातार 7.6 प्रतिशत की दर से वृद्धि करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'अगले 25 साल तक हर साल 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर को बनाए रखना, कुछ देशों ने ऐसा किया है, चीन ने यह किया है। लेकिन सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि जलवायु परिवर्तन, भू-राजनीतिक, वैश्वीकरण जैसी चुनौतियों के कारण क्या हम यह कर सकते हैं। यह कहना मुश्किल है।'

# 2023-24 में 18 फीसदी बढ़ा प्रत्यक्ष कर संग्रह, 19.58 लाख करोड़ रुपये हुआ

**नई दिल्ली।** भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 करोड़ रुपये हो गया। कर विभाग ने रविवार को कहा कि यह राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक है।




**त्यक्ष कर संग्रह में सबसे बड़ी हिस्सेदारी :** आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये (7.40 प्रतिशत) और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ रुपये अधिक रहा। इनकी प्रत्यक्ष कर संग्रह में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 प्रतिशत बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपये हो गया। रिफंड के बाद शुद्ध आय 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये रही। प्रत्यक्ष कर संग्रह के आंकड़े अर्थव्यवस्था में उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट की आय में वृद्धि को दर्शाते हैं। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़े बताते हैं कि शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपये है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में इस वर्ष के लिए संग्रह 18.23 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया।

**संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक :** बयान में कहा गया कि अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड को छोड़कर) बजट अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान रिफंड के समायोजन से पहले प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (अनंतिम) 23.37 लाख करोड़ रुपये रहा। यह राशि वित्त वर्ष 2022-23 के 19.72 लाख करोड़ रुपये के सकल संग्रह से 18.48 प्रतिशत अधिक है।

वित्त वर्ष 2023-24 में सकल कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम), इससे पिछले वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 13.06 प्रतिशत बढ़कर 11.32 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) 9.11 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपये से 10.26 प्रतिशत अधिक है।

**शुद्ध व्यक्तिगत आयकर संग्रह 10.44 लाख करोड़ रुपये :** समीक्षाधीन अवधि में प्रतिभूति लेनदेन कर (अनंतिम) सहित सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह 12.01 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपये के संग्रह से 24.26 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान एसटीटी (अनंतिम) सहित शुद्ध व्यक्तिगत आयकर संग्रह 10.44 लाख करोड़ रुपये रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 8.33 लाख करोड़ रुपये से 25.23 प्रतिशत अधिक है। बयान में कहा गया कि वित्त वर्ष 2023-24 में 3.79 लाख करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए, जो वित्त वर्ष 2022-23 में जारी किए गए 3.09 लाख करोड़ रुपये के रिफंड से 22.74 प्रतिशत अधिक है।

# बच्चों का सामान बनाने वाली एक कंपनी पर लगा करोड़ों का जुर्माना

## कैंसर होने से जुड़ा है मामला

**नई दिल्ली।** अदालत ने जे एंड जे और केन्व्यू पर 45 मिलियन डॉलर का जुमार्ना लगाया है। एक महिला के मुकदमा दायर करने के बाद चली लंबी सुनवाई के बाद अदालत ने माना कि कंपनी के बेचे गए टेल्कम बेबी पाउडर में एस्बेस्टर था। जो कि महिला के कैंसर और मौत का कारण बना था।



जॉनसन एंड जॉनसन और केन्व्यू कंपनी जो बच्चों से जुड़े प्रोडक्ट बनाने के लिए चर्चित है। अमूमन हर किसी के घर में जे एंड जे कंपनी के प्रोडक्ट मिल देखने मिलेंगे। लेकिन एक महिला ने अदालत में केस दायर किया है कि इस प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने से उनके परिवार के सदस्य को कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी हुई, जिससे उनकी मौत हो गई थी। कंपनी के बेचे गए टेल्कम पाउडर में एस्बेस्टस था। वहीं एस्बेस्टस जो कि मेसोथेलियोमा के पैदा होने का कारण है।

परिवार ने आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया था कि थेरेसा गार्सिया की मौत का जिम्मेदार दोनों कंपनियों को ठहराया था। गार्सिया की बेटी स्टेफनी साल्सेडो ने अपने परिवार की ओर से मामला दायर किया। परिवारजनों का मानना है कि 2020 में महिला की मौत कैंसर के कारण हुई। लेकिन कैंसर एस्बेस्टस के कारण हुआ। परिवारजन का आरोप था कि कंपनी ने यह जानकर भी टेल्कम पाउडर बेच दिया, जब उनको पता था कि टेल्कम पाउडर में एस्बेस्टस था। वहीं जे एंड जे का कहना है कि उसके टैल्क-आधारित उत्पादों से कैंसर नहीं होता है। मामले की सुनवाई शुक्रवार देर रात शिकागो में हुई थी। इसमें ज्यूरी सदस्यों ने कंपनी को 45 मिलियन डॉलर का जुमार्ना लगाया, जो कि पीडिता के परिवार को दिया जाना है। परिवार की वकील जेसिका डीन ने कहा कि परिवार आभारी है कि जूरी सदस्यों ने जे एंड जे और केनव्यू द्वारा दिए गए 'धोखे' को देखा। और माना कि टेल्कम पाउडर कैंसर का कारण बन सकता है।

कंपनियों को पता था कि टेल्कम में एस्बेस्टस की अशुद्धियाँ हैं उसके बाद भी उस बेबी पाउडर को जे एंड जे की बोतलों में डाला गया था। वहीं परिवार ने दावा किया था कि महिला को 2016 में डिम्बग्रंथि कैंसर एस्बेस्टस से दूषित बेबी पाउडर के उपयोग के कारण हुआ था।

## होर्मुज जलडमरूमध्य अवरुद्ध हुआ तो बढ़ सकती हैं कच्चे तेल और एलएनजी की कीमतें

**नई दिल्ली।** ईरान-इजराइल संघर्ष पर विश्लेषकों ने कहा कि अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध किया तो कच्चे तेल और एलएनजी की कीमतें बढ़ सकती हैं। इस जलडमरूमध्य से भारत जैसे देश सऊदी अरब, इराक और यूएई से कच्चा तेल आयात करते हैं। ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष पिछले कुछ दिनों में बढ़ गया है। ईरान ने पहले इजराइल पर ड्रोन और रॉकेट हमले किए। इसके बाद इजराइल ने मिसाइल दागकर जवाबी कार्रवाई की। संघर्ष के बाद से कच्चे तेल की कीमतें 90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गईं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने कहा कि हालांकि तनाव कम करने के प्रयासों से संकट पर नियंत्रण होने की संभावना है, लेकिन अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध किया तो तेल और एलएनजी की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी।

## राशिफल

**मेष:** वाणी में मधुरता रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष:** मन में शान्ति एवं प्रसन्नता के भाव रहेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मिथुन:** वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। धैर्यशीलता में भी वृद्धि होगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**सिंह:** मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**कन्या:** कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। कारोबार में बदलाव के अवसर भी मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा।

**तुला:** धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**वृश्चिक:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**धनु:** धैर्यशीलता में वृद्धि होगी। नौकरी में यात्रा पर जाना हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**मकर:** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु फिर भी अपनी भावनाओं को वश में रखें। आलस्य अधिक हो सकता है। वस्त्रों एवं वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ:** मन में नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता-पिता का साथ मिल सकता है। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

**मीन:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है, आय में वृद्धि भी होगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है।

## चुटकुले

पापा और 18 साल का बेटा एक होटल में गए,
पापा- वेटर एक बियर और एक आईसक्रीम लाओ,
बेटा- आईसक्रीम क्यों पापा, आप भी बियर लीजिये ना.
दे.. चप्पल.. पे.. चप्पल.

---

खाना पकाते समय पत्नी गुनगुनाकर रोमांटिक अंदाज में अपने पति से बोली...
अगर तुम मिल जाओ... जमाना छोड़ देंगे हम.
पति ने भी रोमांटिक अंदाज में बोला...अगर तुम जमाना छोड़ जाओ... दूसरी ढूंढ लेंगे हम.

---

मौंटू- यार सिर में बहुत दर्द हो रहा है.
शौंटी- सिरदर्द होने पर कुछ देर गर्लफ्रेंड से जरूर बात करो.
मौंटी- क्यों?
शौंटी- तुमने सुना नहीं है, जहर ही जहर को मारता है.

---

ग्राहक- भाई, तुमने दाढ़ी बनाने के साथ मेरी चमड़ी भी छील दी.
नाई- चिंता मत कीजिए, मैं आपसे केवल दाढ़ी बनाने के ही पैसे लूंगा.

## रोचक तथ्यों का करंट

- इंसान की जीभ का घाव सबसे तेजी से ठीक होता है.
- 25. क्या आपको पता है कि, आपके शर्ट के बटन का आविष्कार भारत में ही हुआ था।
- मिनेसोटा राज्य जो की अमेरिका का एक राज्य हैं वहां एक रस्सी पर जेंट्स और लेडीज के अंडरगारमेंट्स सुखाना गैर कानूनी है, अगर यह कानून भारत में होता तो आधी से ज्यादा आबादी जेल होती।
- सबसे ज्यादा कार बनाने वाले देश में एक नंबर में हैं.
- बचपन में आपने पेंसिल से जरूर लिखा होगा लेकिन क्या आपको पता है आप एक औसत पेंसिल से लगभग 35 मील लंबी लाइन खींच सकते हैं, इसके साथ ही आप 50 हजार से भी ज्यादा शब्दों को लिख सकते हैं।
- शुतुरमुर्ग की आंख उसके दिमाग से बड़ी होती है.
- इंसान जिंदगी के लगभग 25 साल सोते हुए बिताता है.
- बाएं हाथ से काम करने वाले लोग दाएं हाथ से काम करने वाले लोगों की तुलना में कंप्यूटर गेम्स और अन्य खेलों में ज्यादा तेजी से काम करते हैं।
- ज्यादा अधिक सोचने वाले लोग डिप्रेस्ड रहते हैं, कम सोचिए.




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# बलराज पंवार ने भारत को नौकायन में दिलाया पहला पेरिस ओलंपिक कोटा




**नई दिल्ली।** बलराज पंवार ने रविवार को दक्षिण कोरिया के चुंग्जू में 2024 विश्व एशियाई और ओसनियाई ओलंपिक एवं पैरालंपिक क्वालीफिकेशन रेगाटा में पुरुष एकल स्कल स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहकर भारत को नौकायन में पहला पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया। भारतीय सेना के 25 वर्षीय पंवार पिछले साल चीन के हांग्झोउ में अपने पहले एशियाई खेलों में कांस्य पदक से चूक गये थे।

उन्होंने 7:01.27 मिनट का समय निकालकर 2000 मीटर रेस में तीसरा स्थान हासिल कर ओलंपिक कोटा प्राप्त किया। पुरुष एकल स्कल में शीर्ष पांच नौकाचालक ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करते हैं। पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स में देश क्वालीफाई नहीं कर सका। भारत ने पिछले तोक्यो ओलंपिक में इस स्पर्धा में हिस्सा लिया था। उज्जवल कुमार और अरविंद सिंह की भारतीय जोड़ी तीसरे स्थान पर रही जबकि इसमें शीर्ष दो जोड़ी कोटा हासिल करती हैं। भारत इस तरह 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक में नौकायन में एक ही स्पर्धा में हिस्सा लेगा।

अर्जुन लाल और अरविंद सिंह ने तोक्यो ओलंपिक में पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल में भारत का प्रतिनिधित्व किया था और वे 11वें स्थान पर रहे थे। एशियाई क्वालीफायर भी एशियाई रोइंग कप के साथ ही कराये जा रहे हैं जिसमें भारत ने सलमान खान और नितिन देओल की बदौलत पुरुष डबल स्कल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। इसके एक दिन बाद हरियाणा के करनाल के पंवार ने धीमी शुरूआत के बाद दबदबा बनाया और तीसरे स्थान पर रहने में सफल रहे। कजाखस्तान के व्लादिस्लाव याकोवलेव (6:59.46) ने स्वर्ण पदक और इंडोनेशिया के मेमो मेमो ने दूसरा स्थान हासिल किया।

# 'वह काफी नाराज होंगे...' 12 गेंद पर 46 रन की पारी खेलकर भी डरे दिखे सनराइजर्स हैदराबाद स्टार अभिषेक शर्मा को किसका सता रहा डर




**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद के स्टार सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 12 गेंद पर ताबड़तोड़ 46 रन बनाए थे। इसके बावजूद अभिषेक शर्मा डरे हुए दिखे। मैच के बाद उन्होंने खुद इसका खुलासा किया। अभिषेक ने आईपीएल के इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किए गए वीडियो में अपने डर का खुलासा किया।

सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड इस सीजन दमदार बल्लेबाजी कर रहे है। पहली बार एक साथ खेलते हुए, अभिषेक और हेड ने सनराइजर्स हैदराबाद के लिए ओपनिंग जोड़ी के रूप में रिकॉर्ड पर रिकॉर्ड बना डाले हैं। शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान, इस जोड़ी ने आईपीएल में अब तक का सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर बना दिया है।

## अभिषेक और हेड की जोड़ी ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

अभिषेक ने 12 गेंद में 46 रन बनाए, जबकि हेड 32 गेंद में 89 रन बनाकर आउट हुए। अभिषेक पावरप्ले के ठीक बाद कुलदीप यादव ने शॉर्ट एक्स्ट्रा कवर पर अक्षर पटेल का तेज कैच लपककर आउट कर दिया। मैच के बाद बातचीत में, अभिषेक ने खुलासा किया कि उनके गुरु महान युवराज सिंह, उनसे खुश नहीं होंगे। इस सीजन में सिर्फ एक अर्धशतक लगाने वाले अभिषेक ने यह भी कहा कि युवराज चाहते हैं कि वह लंबे समय तक बल्लेबाजी करें।

## 'वह काफी परेशान होंगे'

अभिषेक ने कहा, अंत में मैं कहूंगा कि वह काफी परेशान होंगे, लेकिन कुल मिलाकर मुझे लगता है कि वह खुश होंगे। वह हमेशा चाहते हैं कि मैं लंबे समय तक बल्लेबाजी करूं। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा हूं, बात बस इतनी है कि हम जितना सोच रहे हैं उससे ज्यादा बाउंड्री लगा रहे हैं। इसलिए मुझे लगता है कि वह ठीक हो जाएगा, लेकिन हां, मुझे लगता है कि मैं उनसे बहुत कुछ सुनूंगा।

# मेस्सी के दो गोल, इंटर मियामी ने नाशविले एससी को 3-1 से हराया



**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)।** अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनल मेस्सी के दो गोल से इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में नाशविले एससी पर 3-1 से जीत दर्ज की। इन दो गोल से मेस्सी के एमएलएस में कुल सात गोल हो गये हैं। मेस्सी ने दो मार्च को ओरलांडो के खिलाफ मैच के दौरान भी दो गोल दागे थे। मेस्सी ने नाशविले एससी के खिलाफ मैच में एक गोल करने में भी मदद की। इंटर मियामी के लिए सर्गियो बुस्कुवेट्स ने अपना पहला गोल दागा। लुईस सुआरेज ने मेस्सी को पहला गोल करने में मदद की। मियामी के डिफेंडर फ्रैंको नेरी के दूसरे मिनट में आत्मघाती गोल से नाशविले एससी ने बढ़त बनायी। मेस्सी ने 11वें मिनट में अपना पहला गोल दागा जिसके बाद 39वें मिनट में बुस्कुवेट्स ने गोल कर अपनी टीम को 2-1 से आगे किया। मेस्सी ने फिर 81वें मिनट में पेनल्टी किक पर अपना दूसरा गोल किया।

# टी20 विश्व कप के लिए टीम के एलान से पहले दिनेश कार्तिक का सीधा संदेश, रोहित-द्रविड़ से कही यह बात







**मुंबई।** आईपीएल 2024 में शानदार फॉर्म में चल रहे अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने भारत के लिए फिर से खेलने का अपना सपना नहीं छोड़ा है। उन्होंने कहा है कि वह जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए वह सब कुछ करेंगे जो उनके बस में है। कार्तिक एक जून को शुरू हो रहे विश्व कप तक 39 वर्ष के हो जाएंगे। वह 2022 में ऑस्ट्रेलिया में हुए टी20 विश्व कप के पिछले संस्करण में भारतीय टीम का हिस्सा थे। वह टीम इंडिया के लिए उसी टूर्नामेंट में पिछला मैच खेले थे। तब से कार्तिक या तो क्रिकेट एक्सपर्ट या फिर कमेंटेटर के तौर पर काम कर रहे हैं। अब आईपीएल के इस सीजन में प्रोफेशनल क्रिकेट में वापसी करते हुए उन्होंने कुछ शानदार पारियां खेली हैं। कार्तिक ने इस सीजन 205 ज्यादा के स्ट्राइक रेट से कुछ आश्चर्यजनक पावर-हिटिंग की है। वह विराट कोहली (361) और कप्तान फाफ डुप्लेसिस (232) के बाद 226 रनों के साथ आरसीबी के लिए तीसरे प्रमुख रन-गेटर भी हैं।

## 'टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करना गर्व की बात होगी'

रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच से पहले उन्होंने कहा- मेरे जीवन में इस स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सबसे बड़ा एहसास होगा। मैं ऐसा करने के लिए बहुत-बहुत उत्सुक हूं। इस टी20 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के अलावा मेरे जीवन में कुछ भी बड़ा नहीं है।

कार्तिक के भी दावेदार के रूप में उभरने के साथ, विकेटकीपर स्लॉट के लिए कई खिलाड़ियों के बीच मजबूत टक्कर है। थिंक टैंक दो विकेटकीपरों को विश्व कप के लिए चुन सकते हैं। जहां ऋषभ पंत इस सीजन अच्छे फॉर्म में दिखे हैं, वहीं संजू सैमसन (राजस्थान रॉयल्स), ईशान किशन (मुंबई इंडियंस), केएल राहुल (लखनऊ सुपर जायंट्स) का भी प्रदर्शन शानदार रहा है।

कार्तिक ने कहा कि बिग थ्री कोच राहुल द्रविड़, कप्तान रोहित शर्मा और चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर जो भी फैसला करेंगे वह उसका सम्मान करेंगे।


## 'जो भी मैं कर रहा वह सुखद है'

उन्होंने कहा, 'इसलिए जब मैं अभ्यास करता हूं तो मैं समझने की कोशिश करता हूं कि अगर वे मेरे खिलाफ गेंदबाजी करेंगे तो मैं बाउंड्री कैसे हासिल करूंगा। मैंने इस तरह से प्रैक्टिस किया और मैंने खुद को पीछे की ओर ढकेला और खुद पर काम किया। इससे मुझे मदद मिली। मैंने कुछ बैकहैंड शॉट्स भी प्रैक्टिस किए। मैदान पर जाना और खुद को व्यक्त करना बहुत अच्छा रहा है और एक फिनिशर के रूप में आरसीबी के लिए मैं जो कर रहा हूं वह करना पूरी तरह से सुखद है।

## 'मैं रसेल या पोलार्ड नहीं हूं'

कार्तिक ने आगे एक खिलाड़ी के रूप में अपनी ताकत को समझने के महत्व पर जोर दिया।आंद्रे रसेल या कीरोन पोलार्ड की तरह पावर-हिटिंग के बजाय सटीकता पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि वह अपने शॉट्स की रणनीति बनाने के लिए गेंदबाजों के पैटर्न को समझते हैं। अपने पावर-हिटिंग को बढ़ाने के लिए प्रैक्टिस सेशन के दौरान खुद को उस स्थिति में रखकर बैटिंग करते हैं। उन्होंने कहा, 'इन दिनों बतौर खिलाड़ी आपको अपने मजबूत पक्षों को समझने की जरूरत होती है। मैं रसेल या पोलार्ड नहीं हूं जो गेंद को मिसहिट करने के बाद भी छक्का प्राप्त कर सकता है।' एक दिन कार्तिक ने रिकॉर्ड 288 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 35 गेंद में 83 रन की पारी में सात छक्के और पांच चौके लगाए, लेकिन आरसीबी सिर्फ 25 रन से चूक गई। उन्होंने कहा- इसलिए मुझे समझना होगा कि मैं गैप को कैसे इस्तेमाल कर सकता हूं, किस तरह की गेंदों को बाउंड्री के लिए हिट कर सकता हूं। मैंने महसूस किया कि एक निश्चित पैटर्न था जिसमें गेंदबाज मुझे गेंदबाजी कर रहे थे, इसलिए मुझे इसके लिए एक समाधान निकालने की कोशिश करने की जरूरत थी।

# जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेंगे पंजाब और गुजरात






**मुल्लांपुर।** लगातार हार के बाद अंक तालिका में नीचे खिसकी पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस आईपीएल 2024 के 37वें मैच में आज जब आमने सामने होंगी तो दोनों का इरादा जीत की राह पर लौटने का होगा।पूर्व चैंपियन गुजरात टाइटंस पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से हारने के बाद आठवें स्थान पर खिसक गई है। दिल्ली ने उसे 89 रन पर समेट दिया था और पिछले चार मैचों में यह उसकी तीसरी हार थी।

पंजाब किंग्स नौवें स्थान पर है। उसे पिछले मैच में मुंबई इंडियंस ने नौ रन से हराया था। जीत के लिए 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसने चार विकेट 14 रन पर गंवा दिए थे, लेकिन उसके बाद आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह ने टीम को मैच में लौटाया। सात मैचों में पांच हार और दो जीत से टीम का आत्मविश्वास डिगा हुआ है, लेकिन विरोधी टीम का भी वही हाल है। पंजाब को प्रभावी कप्तान शिखर धवन की कमी खल रही है और उनका रविवार के मैच में भी खेल पाना निश्चित नहीं है।

धवन कंधे की चोट से उबरने की प्रक्रिया में है जो उन्हें नौ अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ घरेलू मैच में लगी थी। उनकी जगह सैम करन कप्तानी का जिम्मा संभाल रहे हैं। धवन ने पांच मैचों में 125.61 के स्ट्राइक रेट से 152 रन ही बनाए हैं, लेकिन उनकी मैदान पर मौजूदगी जीतने का तरीका भूल चुकी टीम के लिये टॉनिक का काम करती। पिछली बार आठवें स्थान पर रही पंजाब के लिए इस बार भी कुछ बदलता नजर नहीं आ रहा।

प्रभसिमरन सिंह, लियाम लिविंगस्टोन और राइली रूसो जैसे उसके बल्लेबाज अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके। शशांक और आशुतोष ने हालांकि निचले क्रम पर बल्लेबाजी से सभी का ध्यान खींचा है। गुजरात ने अभी तक तीन मैच जीते और चार गंवाए हैं। दिल्ली के खिलाफ शर्मनाक प्रदर्शन को भुलाकर उसे नए सिरे से शुरूआत करनी होगी। कप्तान शुभमन गिल, साइ सुदर्शन, डेविड मिलर और राशिद खान जैसे सितारों की मौजूदगी के बावजूद टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। गेंदबाजी में मोहम्मद शमी की कमी खल रही है,जबकि उमेश यादव काफी महंगे साबित हुए हैं।

# वापसी पर खिलाड़ियों से मिल रहे समर्थन से सहज महसूस कर रहे हैं मोहम्मद आमिर



**रावलपिंडी।** तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने कहा कि वह चार साल बाद पाकिस्तान की राष्ट्रीय टीम में वापसी में सहज महसूस कर रहे हैं जिसके लिए उन्होंने श्रेय कप्तान बाबर आजम सहित सीनियर खिलाड़ियों को दिया। उन्होंने कहा कि सीनियर खिलाड़ी उन्हें फिर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए मनोबल बढ़ा रहे हैं। आमिर ने 2020 के अंत में सभी तरह के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वह पूर्व कोच मिस्बाह उल हक और वकार यूनिस के रवैये से खुश नहीं थे लेकिन उन्होंने मौजूदा बोर्ड के अधिकारियों और प्रबंधन के जोर देने पर राष्ट्रीय टीम में फिर से वापसी की है। शनिवार की रात न्यूजीलैंड पर जीत के दौरान आमिर ने दो विकेट चटकाये। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने संन्यास लिया था, उसकी तुलना में वह अब ज्यादा फिट और ऊर्जावान महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं खुश हूं कि जिस तरह से खिलाड़ियों ने वापसी में मेरा समर्थन किया है क्योंकि मेरे ऊपर काफी दबाव था। शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में पाकिस्तान की बड़ी जीत के बाद उन्होंने कहा, जब आप अपने देश के लिए खेल रहे होते तो आप उस अहसास को बयां नहीं कर सकते। निश्चित रूप से दबाव था क्योंकि मैं चार साल के बाद वापसी कर रहा था। लेकिन श्रेय खिलाड़ियों, शाहीन और बाबर को जाता है जिन्होंने मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया।

# विश्व क्वालीफायर के लिये नये सिरे से ट्रायल करायेगा नाराज डब्ल्यूएफआई

**नई दिल्ली।** एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय पुरूष टीम के खराब प्रदर्शन से नाराज और चिंतित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने विश्व क्वालीफायर में भारतीय टीम के चयन के लिये नये सिरे से ट्रायल कराने का फैसला किया है। बिश्केक में एशियाई चैम्पियनशिप में भारत ने 18 में से चार ही कोटा स्थान हासिल किये और सभी महिला पहलवानों को मिले जिनमें विनेश फोगाट भी शामिल है।

उनके अलावा अंतिम पंघाल (53 किलो), अंशु मलिक (57 किलो) और रीतिका (76 किलो) ने भी कोटा हासिल किया। अभी भी 14 श्रेणियां बची है और नौ मई से तुर्की में होने वाले विश्व क्वालीफायर में जीतना एशियाई क्वालीफायर की तुलना में कठिन होगा। डब्ल्यूएफआई सभी 14 श्रेणियों में ट्रायल का आयोजन करेगा। इनमें महिला वर्ग में दो (68 और 62 किलो), पुरूष फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन में छह छह वर्ग शामिल है जिनके ट्रायल अप्रैल के आखिरी सप्ताह या मई के प्रथम सप्ताह में आयोजित किये जायेंगे।

एक सूत्र ने कहा, अध्यक्ष संजय सिंह ने भारतीय कोचों और चयन समिति के सदस्यों से प्रदर्शन पर चर्चा की। उन्होंने स्वीकार किया कि यह बेहद खराब प्रदर्शन रहा। यह पहली बार हुआ है कि फ्रीस्टाइल में भी भारत को कोटे के लिये जूझना पड़ रहा है। उन्होंने कहा , यह तय किया गया है कि डब्ल्यूएफआई सभी 14 वर्गों में ट्रायल का आयोजन करेगा। ग्रीको रोमन में तो आलम यह था कि पहले दौर के मुकाबले जीतने के लिये भी भारतीय पहलवान जूझते दिखे।

# आप हमेशा विराट कोहली पर निर्भर नहीं रह सकते, घरेलू खिलाड़ी जिम्मेदारी उठायें: वरूण आरोन



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वरूण आरोन ने रविवार को कहा कि अब समय आ गया है जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए भारत के घरेलू खिलाड़ी जिम्मेदारी उठायें और विराट कोहली पर निर्भरता को कम करें। कोहली इस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में आरसीबी के लिए शानदार फॉर्म में हैं और सात पारियों में 361 रन बनाकर ओरेंज कैप लिये हैं। उनका स्ट्राइक रेट 147.34 का है और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 113 रन है। स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए आरोन ने कहा, यह सिर्फ ऐसा है कि आरसीबी लय हासिल नहीं कर पा रही, घरेलू खिलाड़ी जिम्मेदारी नहीं उठा रहे। इस साल के शुरू में प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करने वाले 34 वर्षीय आरोन ने कहा, अगर आपको तालिका में शीर्ष के करीब या फिर इस तालिका के मध्य में पहुंचना है तो आपके पास ऐसे घरेलू खिलाड़ी होने चाहिए जो दमदार प्रदर्शन करें क्योंकि आप हमेशा विराट कोहली पर निर्भर नहीं हो सकते। उन्होंने कहा, अन्य खिलाड़ियों को भी जिम्मेदारी उठानी होगी। आप इतनी ज्यादा राशि उन खिलाड़ियों पर नहीं खर्च कर सकते जो डग आउट में ही बैठे रहे और खेले नहीं। आरोन को आरसीबी ने 2014 में दो करोड़ रुपये में खरीदा था और फिर 2016 की नीलामी में उन्हें रिटेन किया था। सीमित ओवर के प्रारूपों में आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच को लगता है कि आरसीबी को मध्यक्रम में एक आक्रामक बल्लेबाज चाहिए जो कोहली के साथ साझेदारी बना सके।

फिंच ने कहा, कोहली ने हर जगह काफी रन जुटाये हैं। वह आधुनिक युग का महान खिलाड़ी है। मुझे लगता है कि वह रन बना रहा है और आरसीबी फिर भी इसका फायदा नहीं उठा पा रहा है। उन्होंने कहा, उन्हें कोहली के साथ साझेदारी बनाने की जरूरत है, उन्हें ऐसा विस्फोटक मध्यक्रम खिलाड़ी चाहिए जो फॉर्म में हो। लोमरोर अंदर बाहर होता रहता है।

# विराट के लिए मुसीबत बने हेड, क्या छिन जाएगी ऑरेंज कैप? पर्पल कैप पर इस भारतीय का कब्जा

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 का 35वां मुकाबला शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला गया। इस मैच में ट्रेविस हेड ने दमदार प्रदर्शन के साथ ऑरेंज कैप की दौड़ में बड़ा बदलाव किया।

उन्होंने दिल्ली के खिलाफ आक्रामक रुख अख्तियार करते हुए 89 रनों की दमदार पारी खेली। इस दौरान उन्होंने सिर्फ 32 गेंदों का सामना किया। इसी के साथ उनके अब 324 रन हो गए। ऑरेंज कैप की रेस में वह दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस लिस्ट में विराट कोहली शीर्ष पर हैं। उन्होंने सात पारियों में 361 रन बनाए हैं और सीजन की शुरूआत से ही ऑरेंज कैप होल्डर बने हुए हैं।




## हेड छीनेंगे कोहली से ऑरेंज कैप?

कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेले जाने वाले मैच में अगर विराट कोहली फेल हुए तो अगले मैच में हेड उनसे ऑरेंज कैप छीन सकते हैं। हेड ने पिछली छह पारियों में ताबड़तोड़ प्रदर्शन किया है। 25 अप्रैल को वह आरसीबी के खिलाफ आईपीएल का 41वां मुकाबला खेलते नजर आएंगे। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर रियान पराग बने हुए हैं। उन्होंने पिछली सात पारियों में 318 रन बनाए हैं। टॉप-5 में रोहित शर्मा (297) और सुनील नरेन (286) शामिल हैं।

## कुलदीप की टॉप-5 में एंट्री

हैदराबाद के खिलाफ कुलदीप यादव ने चार विकेट हासिल कर पर्पल कैप के लिए दावेदारी पेश कर दी है। वह टॉप-5 गेंदबाजों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। पांच पारियों में दिल्ली के गेंदबाज ने 10 विकेट हासिल किए हैं। फिलहाल पर्पल कैप पर जसप्रीत बुमराह का कब्जा है। मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज ने सात पारियों में 13 विकेट हासिल किए हैं। चहल इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 12 विकेट हासिल किए हैं। वहीं, गेराल्ड कोएत्जी (12) और मुस्तफिजुर रहमान (11) तीसरे और चौथे नंबर पर बने हुए हैं।

## क्लासेन ने ठोके सबसे ज्यादा छक्के

इस सीजन में अब तक सबसे ज्यादा छक्के सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने लगाए हैं। सात मैचों की सात पारियों में उन्होंने 26 छक्कों और नौ चौकों की बदौलत 268 रन बनाए हैं।

उनके साथी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 24 छक्कों के साथ दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। टॉप-5 में सुनील नरेन, रियान पराग और निकोलस पूरन 20-20 छक्कों के साथ बने हुए हैं।

अभिषेक शर्मा अगले मैच में क्लासेन को पीछे छोड़ सकते हैं। वह इ वक्त जबरदस्त फॉर्म में चल रहे हैं और विरोधियों के लिए काल बने हुए हैं।

# खोड़ा में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या की विशाल जनसभा आयोजित

## यूपी की 80 सीटों पर जीत हासिल करेगा भाजपा गठबंधन-केशव प्रसाद मौर्या









**गाजियाबाद करंट क्राइम।** खोड़ा क्षेत्र के इंदिरा विहार स्थित युवा भाजपा नेता योगेश भाटी के नेतृत्व में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन रीना भाटी ने की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा मौजूद रहे कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए मुख्य अतिथियों को फूलमाला पहनकर स्वागत किया गया जनसभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इस बार खोड़ा भी रिकॉर्ड तोड़ वोट देकर विकास को लेकर100 साल आगे बढ़ेगा खोड़ा में पेयजल आपूर्ति की मुख्य समस्या को लेकर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा द्वारा ढाई सौ करोड़ रूपया स्वीकृत कराया गया है जिससे कि हर घर नल से गंगाजल पहुंचने का कार्य किया जाएगा देश में चलने वाली मोदी सरकार द्वारा गरीबो एवं महिलाओं का सशक्तिकरण हुआ है विपक्ष के लोगों को भ्रष्टाचार मुक्त मोदी जी की सरकार हजम नहीं हो रही है मोदी सरकार ने गरीबों के लिए निशुल्क राशन वितरण देकर राहत पहुंचाई है विपक्ष पर हमला करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विपक्षियों को कहा गया था कि सत्ता शोषण के लिए नहीं बल्कि सेवा के लिए होती है दो कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था पांचवें नंबर पर आ चुकी है तीसरे कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था तीसरे नंबर पर होगी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर से 370 धारा को हटाने का कार्य किया गया इस बार पीओके को कब्जा मुक्त करा दिया जाएगा 2014 से पहले देश के हालात कितने खराब थे यह तो देश की जनता भली भांति जानती है लेकिन 2014 से मोदी सरकार द्वारा पड़ोसी देश को करारा जवाब दिया गया है जिसका उदाहरण उरी और पुलवामा में हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों को उनके ठिकानो के साथ खत्म किया गया भाजपा विकास भ्रष्टाचार गरीब मुक्त भारत ही बनाती है जिसकी जानकारी विपक्ष पार्टियों को भी है 2024 के लोकसभा चुनाव में विरोधी दल जानते हैं कि भाजपा प्रचंड बहुमत से अपनी तीसरी बार सरकार बना रही है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि खोड़ा का विकास करने वाली ही भाजपा पार्टी है वरना अन्य पार्टी के लोगों ने खोड़ा को लूटने का काम किया है इस बार खोड़ा के लोग एक लाख वोटो से अधिक भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग पक्ष में देकर इतिहास रचने का काम करेंगे। इस दौरान नीरज सिंह, विजय शुक्ला, अजय शर्मा, वसंत त्यागी, मयंक गोयल, मानसिंह गोस्वामी, सभासद दल नेता सतीश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष जयपाल पुंडीर, अवधेश यादव, मुकेश गिरी, घनश्याम तिवारी, राहुल राजोरिया, जीत मावी, सिपीं सिंह, बालवीर चौहान, आदि हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## वार्ड 94 में भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली कमल संदेश बाइक रैली





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को वार्ड 94 के पार्षद शशि खेमका व महानगर कार्यकारणी सदस्य बॉबी त्यागी के नेतृत्व में अमृत प्लाजा से अतुल गर्ग लोकसभा प्रत्याशी के समर्थन में बाइक रैली निकाली गई। शशि खेमका व बॉबी त्यागी ने कहा कि ये बाइक रैली कार्यकर्ताओं के मन में उमड़ रहे जोश का प्रतीक है। मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने एवं नव मतदाताओं को भाजपा से जोड़ने के लिए कमल संदेश बाइक रैली निकली गई।

## वैश्य सेवा समिति ने मां जगदम्बे का किया गुणगान



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समिति की ओर से नवरात्र पर्व पर यहां छत्री वाले मंदिर में मां जगदम्बे का गुणगान किया गया। मां जगदम्बे के अत्यन्त सुन्दर भजनों से शालू जिन्दल, राशि, प्रभा गुप्ता, पारूल मोदी व पूजा सिंघल, नैना, रीमा ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर महिलाओं ने मतदान करने का भी संकल्प लिया। संगठन की प्रदेश महामंत्री वर्षा गुप्ता ने बताया कि उनके संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के उत्थान के प्रति कार्य करना तथा उन्हें अपने धर्म के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर उनके द्वारा महिलाओं को सचेत किया गया कि आगामी 26तारीख पर आपको सारे काम छोड़कर मतदान करने अवश्य जाना है और उस सरकार का चयन करना है, जिसके शासन काल में आप स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें। भजन कार्यक्रम के पश्चात जलपान की व्यवस्था कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में नगर अध्यक्ष एकता अग्रवाल, नगर महामंत्री राधिका गुप्ता, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष शानु अग्रवाल, नगर उपाध्यक्ष पूनम गर्ग, नगर मंत्री कल्पना गुप्ता, रूबी, कविता, भावना, प्रियंका, माधुरी, रेखा, आशा, शालिनी, शालू, सीमा, प्रीति, रश्मि, सारिका, आशा आदि मौजूद रही।

## प्रताप विहार मंडल में सरदार एसपी सिंह ने भाजपा के लिए मांगे वोट



● **भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए वोटर का साथ आवश्यक**

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा महानगर के पूर्व संयोजक सरदार एसपी सिंह ने प्रताप विहार मंडल में अध्यक्ष सुधीर शर्मा व पार्षद पूनम सिंह व अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गत दस वर्षों में देश में विकास के नये आयाम स्थापित हुए हैं और राम मन्दिर की पांच सौ वर्ष पुरानी लड़ाई पूरी हुई तथा कश्मीर से धारा 370 हटाई गई। भारत को विश्वगुरू बनाने के लिए मोदी जी का पुनः प्रधानमंत्री बनना जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में हम स्वयं भी वोट डालें तथा अन्य लोगों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित भी करें।

## द्वितीय रेंडमाइजेशन में शेष 08 ईवीएम का सप्लीमेंट्री रेंडमाइजेशन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एन.आई.सी. कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अरुण कुमार सिन्हा, जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में, प्रत्याशियों/ प्रत्याशी प्रतिनिधियों एवं ईवीएम के प्रभारी/सहप्रभारी की उपस्थिति में 08 ईवीएम का सप्लीमेंट्री रेंडमाइजेशन कराया गया। यह सप्लीमेंट्री रेंडमाइजेशन जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी गाजियाबाद अजय कुमार तायल ने भारत निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर द्वारा कराया गया।

## धन्ना भगत की मनाई गई जयंती



**मोदीनगर करंट क्राइम।** भोजपुर ब्लॉक के गांव चुडियाला में घणघस खाप की ओर से दादा धन्ना भगत की जयंती मनाई गयी। इस मौके पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। श्योराण खाप के प्रदेश के मुखिया मुख्य अतिथि बतौर बाबा परमेन्द्र आर्य ने कहा कि महापुरुषों की जयंती व पुण्य तिथि सभी को मनानी चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी को अपने महापुरूषों के द्वारा किये गए श्रेष्ठ कार्य का पता चल सके और हमे समाज में श्रेष्ठ कार्य करने चाहिए। सभा कि अध्यक्षता दादा राम नारायण ने की, संचालन वेदप्रकाश मास्टर ने किया। श्योराण खाप चैधरी बाबा परमेन्द्र आर्य ने कहा कि धन्ना भगत भगवान कृष्ण के भक्त थे। वे बहुत बडे दानी थे वे अपनी आमदनी का आधा हिस्सा साधु संतों की सेवा में खर्च कर देते थे। हमें भी उनसे प्रेरणा लेकर समाज में कम से कम दस प्रतिशत दान करना चाहिए। इस अवसर पर ओमवीर घणघस आजमपुर, जितेन्द्र घणघस रोहटा, नरेन्द्र घणघस दबथवा, श्यामवीर घणघस गावंडी, जय प्रकाश घणघस दुहाई, सत्य प्रकाश, सतवीर, जुगेंद्र सरदार घणघस, शोकेन्द्र आदि रहे।

## विवाहिता को जहरीला पदार्थ देकर मारने का आरोप



**मोदीनगर करंट क्राइम।** एक विवाहिता को जहर देकर मारने का मामला प्रकाश में आया है। महिला के मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुये पुलिस में तहरीर दी हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। मूलत: बुलंदशहर निवासी युवती की शादी यहां गांव बेगमाबाद के एक युवक से हुई थी। शादी के बाद से ही पति–पत्नी के बीच विवाद चल रहा था, बताया जाता है कि शनिवार को विवाहिता की अचानक तबियत बिगड़ी और उसे अस्पताल ले जाया गया। पडोसियो ने इसकी सूचना मायके पक्ष को दी। मायके पक्ष के लोगों ने यहां पहुंचकर हंगामा किया ओर सुसराल पक्ष पर आरोप लगाया कि हत्या के इरादे से जहर देकर उसे मारने की कोशिश की गयी है। पुलिस शिकायत के आधार पर जांच कर रही हैं।




## क्या कमिश्नरेट में होगी चुनावी ब्रीफिंग




पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव के मतदान के दिन पास आते जा रहे हैं लेकिन अभी तक पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की कोई चुनावी प्रेस ब्रीफिंग नहीं हुई है। चुनावी आचार संहिता लगने के बाद से लेकर अब तक चुनावी एक्शन और मोड को लेकर किसी भी अधिकारी ने सीधे–सीधे मीडिया से वार्ता नहीं की है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में सवाल उठ रहा है कि क्या निगम चुनाव की तरह ही इस बार भी लोकसभा चुनाव में भी पुलिस कमिश्नरेट की ओर से कोई ब्रीफिंग नहीं होगी। इसके साथ ही अभी तक चुनावी आंकड़ों कार्रवाई और फोर्स से लेकर अब तक की गई कार्रवाई का कोई प्रेस नोट तक जारी नहीं किया गया है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि अभी तक के सभी बड़े आयोजनों में नंबर दो स्टार के अधिकारियों ने अधिक मेहनत की है। तो वहीं रविवार को कवि नगर वाले मैदान में भी खुद कमिश्नरेट में नंबर दो की पावर वाली अधिकारी ड्यूटी पर मौजूद देखी गई हैं। इसी के साथ महिला एसीपी भी मंच के आसपास की जिम्मेदारी संभाल रही थीं, तो इलाके वाले एसीपी साहब भी गेट से लेकर हेलीपैड तक मौजूद रहे। कुल मिलाकर चुनावी कार्यक्रमों के बीच पुलिस अलर्टनेस बनी हुई है। वहीं कमिश्नरेट वाले सूत्र यह बता रहे हैं कि अगर चुनाव वाले सीन को लेकर कुछ ऊपर से आदेश आया तो नंबर दो वाले साहब के द्वारा लाइन वाले हॉल में संदेश दिया जा सकता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के लिए वाहनों को जुटाना और बाहर से आने वाली फोर्स और अतिरिक्त सुरक्षा बल यहां शनिवार की रात से पहुंचने शुरू हो गए हैं। उम्मीद की जा रही है कि 24 तारीख को पूरे कमिश्नरेट में प्रमुखता के साथ फ्लैग मार्च वाला सीन कमिश्नरेट की सभी प्रमुख सड़कों और जोन में देखने को मिलेगा। उसी दिन पांच बजे के बाद चुनावी शोर थमने का आदेश भी आएगा। अब देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की लोकसभा चुनाव वाली प्रेस ब्रीफिंग होगी या इसको फिर से टाल दिया जाएगा देखना बेहद महत्वपूर्ण रहेगा। इसी के साथ यह भी देखना होगा कि जानकारी देने के लिए या केवल प्रेसनोट वाले कार्ड खेला जाएगा। वैसे कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि प्रेस बीफिंग को लेकर संस्पेस अभी बना रहेगा। और अगर आदेश आया भी तो आंएगे वहीं जो हर मैनजमेंट को ठीक करने का काम करते है।

## इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने खोड़ा कॉलोनी में निकाला एक विशाल रोड शो

# खोड़ा की प्रमुख समस्या स्वच्छ पेयजल आपूर्ति है, जिसकी लड़ाई हमने सड़क से टीवी पर्दे तक लड़ी है: डॉली शर्मा







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रविवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने खोड़ा कालोनी में एक विशाल रोड शो का आगाज किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खोड़ा की प्रमुख समस्या स्वच्छ पेयजल आपूर्ति है,

जिसकी लड़ाई हमने सड़क से टीवी पर्दे तक लड़ी है। उन्होंने कहा कि जनसुरक्षा, जनस्वास्थ्य, शिक्षा, बेरोजगारी, महंगाई आदि से यहां के लोग परेशान हैं।





### इंडिया गठबंधन की सरकार में कांग्रेस की गारंटियों को लागू किया जाएगाः डॉली शर्मा

**करंट क्राइम।** डॉली शर्मा ने कहा, आप लोगों की विभिन्न समस्याओं के समाधान और परेशानियों ने निदान के लिए ही कांग्रेस ने विभिन्न गारंटियों की ऐलान किया है। जब 2024 में केंद्र में कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो युवाओं, महिलाओं, मजदूरों, किसानों समेत समाज के सभी वर्गों के हित के लिए, समान भागीदारी के लिए कांग्रेस की गारंटी को लागू किया जाएगा।

### रोड शो में डॉली शर्मा को मिला जनता का भरपूर प्यार

**करंट क्राइम।** प्राप्त जानकारी के मुताबिक, उनका रोड शो पहला पुस्ता से प्रारंभ हुआ। उसके बाद इतवार बाजार, टी–पॉइंट, खोड़ा गांव, सरस्वती विहार लाल मंदिर, कविता पैलेस, नेहरू गार्डन चौकी, वंदना विहार पोस्ट ऑफिस, थापर गेट, कालू सीमेंट रोड, मिहिरभोज गेट से पहले मधु विहार, प्रकाश नगर 4 नम्बर, हयात नगर, मंगल बाजार, यादव मेडिकल, शंकर विहार, उज्ज्वल दीप स्कूल, सनी बाजार, लोधी चौक से सोम बाजार होते हुए दूसरा पुस्ता पर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस बीच जगह जगह पर लोगों ने उनका स्वागत किया। रोड शो के दौरान कार्यकताओं ने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, सोनिया गांधी जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद, प्रियंका गांधी जिंदाबाद, डॉली शर्मा जिंदाबाद, अजय राय जिंदाबाद आदि नारे लगाकर अपने नेता की हौसला अफजाई की।

खोड़ा के सभी समाज के लोगों ने इस रोड शो की सफलता में अपना अपना योगदान दिया। इस मौके पर किसान मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक अमित शर्मा, अश्विनी कौशिक, सपा नेता राहुल पंडित, नितिन यादव, अमित भारद्वाज, सुमित भारद्वाज, प्रिंस भारद्वाज, खोड़ा नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, कार्यालय प्रभारी संदीप कुमार, जितेंद्र शर्मा, शंकर ठाकुर आदि लोग मौजूद रहे।

## मंदिर से हजारों की नगदी व चांदी का छत्र चोरी



**मोदीनगर करंट क्राइम।** रात्रि ताला तोड़कर चोर दानपात्र में रखी 40 हजार की नगदी व भगवान के चांदी का छत्र चुरा ले गये। चोरी का पता सुबह मंदिर में बिखरे सामान को देख चला। पुलिस ने चोरी की सूचना पर घटना स्थल पर केवल एक सिपाही को भेजा, जिसे लेकर ग्रामीणो के बीच रोष व्याप्त हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# महावीर जयंती पर रथ में सवार होकर निकले श्रीजी

## जैन समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम में रविवार को महावीर जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा इंदिरापुरम की सड़कों पर निकाली गई। जिसमें श्रीजी को रथ पर सवार किया गाया और उस रथ को श्रद्धालु अपने हाथ से खींचते हुए चल रहे थे। हजारों की संख्या में जैन समाज के लोग शोभायात्रा में चल रहे थे। दिगंबर जैन सभा के अध्यक्ष अभिनव जैन ने बताया कि इंदिरापुरम नीति खंड में पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें नगाड़े आगे झांकियां, बैंड-बाजे जो की नपीरी तास और बैक पेपर बंद तथा भजन मंडली नृत्य मंडली आदि से सुसज्जित एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। भव्य शोभायात्रा में भगवान महावीर रथ में विराजमान होकर शोभा यात्रा के साथ चले जिसकी भक्ति करते हुए हजारों श्रद्धालु गण महिलाएं पुरुष बुजुर्ग बच्चे सभी नृत्य करते हुए।

### भजन मंडली की धुन पर नाचे भक्त

भगवान के रथ के साथ भजन मंडली की धुन पर भक्त नाचते हुए सम्मिलित हुए। यह रथ यात्रा नीति खंड मंदिर से आरंभ होकर अहिंसा खंड, एटीएस, ऑरेंज काउंटी, वैभव खंड में आदित्य मेगा सिटी, जीसी ग्रैंड, अम्रपाली रॉयल, लोटस पॉन्ड, विंडसर, एसपीएस, सफायर अमरपाली ग्रीन, एचआरसी ग्रीन, कृष्णअपरा गार्डन, साया गोल्ड, पारस मजेस्टिक एक्सप्रेस गार्डन, एटीएस सोसायटी और नीति खंड के विभिन्न रस्तों से होती हुई पुनः मंदिर में समापन हुआ।

### श्रद्धालुओं ने किया रथ यात्रा का भव्य स्वागत

हर सोसाइटी में टेंट लगाकर भव्य स्वागत का इंतजाम किया गया था जिसमें श्रद्धालुओं को सारे रास्ते जल एवं अन्य भोजन एवं फूलों से सभी का स्वागत किया गया रथ यात्रा में साथ झांकियां 6 बंद गड़े भजन मंडली और हजारों व्यक्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर दिगंबर जैन सभा के अध्यक्ष अभिनव जैन, महामंत्री विवेक जैन, उपाध्यक्ष आकाश जैन, अनुराग जैन, कोषाध्यक्ष संजय जैन, प्रचार मंत्री अनंत जैन, ऋषभ पाटनी, मृदुल, जेपी जैन, विनय जैन, सचिन जैन, सुधीर जैन, विनय जैन वही मुख्य रूप से पार्षद प्रीति जैन, पार्षद डॉ अनिल तोमर, पार्षद धीरज अग्रवाल सहित मौजूद रहे।







# अमेरिका ने इस्राइल की एक सैन्य बटालियन पर प्रतिबंध लगाने का लिया फैसला



**तेल अवीव।** अमेरिका ने एक तरफ इस्राइल की मदद के लिए हाथ बढ़ाए तो दूसरी तरफ आंखें टेढ़ी कर दी। अमेरिकी संसद ने इस्राइल के लिए 13 अरब डॉलर की नई सैन्य सहायता को मंजूरी दी है। वहीं दूसरी ओर अमेरिका इस्राइल की एक सैन्य बटालियन पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रहा है। ये प्रतिबंध बटालियन द्वारा फलस्तीनी लोगों के खिलाफ किए गए मानवाधिकार उल्लंघन के लिए लगाया जा सकता है। हालांकि, इस कदम की इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने निंदा की है।

### हमारे सैनिकों पर प्रतिबंध लगाना खतरे का संकेत

इस्राइली मंत्री इतामर बेन ग्विर और बेजेल स्मोट्रिच ने भी अमेरिका के फैसले की कड़ी आलोचना की। ग्विर ने कहा, 'हमारे सैनिकों पर प्रतिबंध लगाना खतरे का संकेत है। यह कदम बेहद गंभीर है और नेत्जाह येहुदा के सदस्यों की रक्षा की जानी चाहिए।' इस्राइली मंत्री इतामर बेन ग्विर और बेजेल स्मोट्रिच ने रक्षा मंत्री योव गैलेंट से भी अमेरिकी आदेश के आगे न झुकने का आह्वान किया। वित्त मंत्री बेजेलेल स्मोट्रिच ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बयान में नेत्जाह येहुदा पर प्रतिबंध लगाने की अमेरिकी योजना के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया।

**इस बटालियन पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी**

फलस्तीन के वेस्ट बैंक में इस्राइली सेना पर मानवाधिकार उल्लंघन के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। ऐसे में अब अमेरिका वहां आम लोगों को निशाना बनाने के आरोप में नेत्जाह येहुदा बटालियन पर प्रतिबंध लगाने का एलान कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो किसी इस्राइली सैन्य टुकड़ी के खिलाफ बाइडन प्रशासन की पहली कार्रवाई होगी। आगबबूला हुए पीएम नेतन्याहू अमेरिका के इस संभावित कदम से इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू खासे नाराज दिख रहे हैं। उन्होंने शनिवार रात कहा, इस्राइली रक्षा बलों पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाना चाहिए। हमारे सैनिक आतंकवादी से लड़ रहे हैं। आईडीएफ यूनिट पर प्रतिबंध लगाने का इरादा बेतुकापन है।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं जिस इस्राइली सरकार का नेतृत्व कर रहा हूं, वह इन कदमों के खिलाफ सभी तरीकों से कार्रवाई करेगी।' बता दें कि अमेरिका इससे पहले ईरान पर भी इस्राइल पर हमला करने के लिए कई तरह से प्रतिबंध लगा चुका है। इसके बाद इस्राइल के खिलाफ उनका एक्शन कई तरह के सवाल खड़े करते हैं।

## काबुल में शिया बहुल इलाके में विस्फोट

**काबुल।** जापान के रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि 8 क्रू सदस्यों को लेकर जा रहे नौसेना के 2 हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण के दौरान प्रशांत क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हादसे में हताहत लोगों की संख्या में बारे में जानकारी नहीं मिली है। समाचार एजेंसी एपी के हवाले से पीटीआई ने हादसे से जुड़ी सूचना दी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक प्रशांत महासागर में प्रशिक्षण उड़ान के दौरान नौसेना के दो हेलीकॉप्टरों से संपर्क कट गया। ऐसे में दोनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका है। पश्चिम एशिया और यूक्रेन की मदद के लिए अमेरिकी पैकेज को मंजूरी एक अन्य अहम घटनाक्रम अमेरिका से सामने आया। राष्ट्रपति जो बाइडन की अपील के दो दिन बाद अमेरिकी संसद में यूक्रेन के साथ-साथ पश्चिम एशियाई देश इस्राइल और युद्धग्रस्त गाजा में मानवीय सहायता संबंधी पैकेज को मंजूरी मिल गई है। सदन ने 61 अरब अमेरिकी डॉलर के यूक्रेन सहायता पैकेज को मंजूरी दी। इस पैकेज को युद्धग्रस्त यूक्रेन को नए सिरे से अमेरिकी समर्थन की तरह देखा जा रहा है।

# इस्राइल को अमेरिका से मिली सैन्य मदद के बाद टली जंग की संभावना, ईरान ने भी पीछे खींचे हाथ



**वॉशिंगटन।** दुनिया के कई देश युद्ध में घिरे हुए हैं। जहां रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है, वहीं हमास और इस्राइल बीते छह महीने से लड़ाई लड़ रहे हैं। इस बीच ईरान और इस्राइल के बीच भी जंग छिड़ती दिख रही थी। हालांकि, अब युद्ध की संभावना कम हो गई है। इसका कारण यह है कि इस्राइल के बचाव में उसका जिगरी दोस्त अमेरिका उतर आया है। अमेरिकी सांसदों ने शनिवार को इस्राइल के लिए नई सैन्य सहायता की मंजूरी दी है।

### फलस्तीनी ने किया विरोध

हालांकि, फलस्तीनी राष्ट्रपति ने इसकी निंदा की। फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास के प्रवक्ता नबिल अबू रुदैना ने कहा कि यह सहायता गाजा पट्टी और वेस्ट बैंक में हजारों मासूमों की जान लेने का कारण बनेगी।

### वेस्ट बैंक में संघर्ष तेज

बताया जा रहा है कि ईरान ने इस्राइल से बदला लेने के लिए कुछ कदम पीछे ले लिए हैं। उसने ड्रोन और मिसाइल हमले में कमी कर दी है। इस कदम ने उन आशंकाओं को कम दिया है कि कट्टर दुश्मनों के बीच बढ़ते हमले मध्य पूर्व में एक जंग में बदल सकते हैं। हालांकि, इराक में हाल ही में ईरान समर्थित सैन्य ठिकानों पांच धमाके हुए। इससे क्षेत्र में तनाव देखने को मिला। वहीं, गाजा में इस्राइल लगातार हमला कर रहा है। इससे वेस्ट बैंक में संघर्ष तेज हो गया है।

### 13 अरब डॉलर को मंजूरी

अमेरिका के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव ने आयरन डोम वायु रक्षा प्रणाली सहित इस्राइल की सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से मदद करने का फैसला लिया। इसलिए उसने इस्राइल के लिए नई सैन्य सहायता के लिए 13 अरब डॉलर को मंजूरी दी।

### नेतन्याहू ने किया सहायता का स्वागत

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सैन्य सहायता का स्वागत किया। उन्होंने एक्स पर कहा कि यह इस्राइल के लिए मजबूत द्विदलीय समर्थन प्रदर्शित करता है और पश्चिमी सभ्यता का बचाव करता है।

# मालदीव में संसदीय चुनाव आज, राष्ट्रपति मुइज्जू के भारत विरोधी और चीन समर्थक रुख पर आएगा जनादेश



**माले।** मालदीव की राजनीति में पिछले साल राष्ट्रपति चुनाव के बाद से काफी उतार चढ़ाव देखा गया है। अब भारत का पड़ोसी देश 20वें संसदीय चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। आज मालदीव में चुनाव होना है, जिसके नतीजे कल यानी सोमवार को घोषित किए जा सकते हैं। हालांकि, यह चुनाव राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के लिए चीन की ओर झुकाव और भारत विरोधी होने की परीक्षा है। राष्ट्रपति चुनाव के दौरान उन्होंने अपना पूरा प्रचार इंडिया आउट के नाम पर चलाया। संसदीय चुनाव के लिए भी प्रचार में उन्होंने भारत विरोध का सहारा लिया। जिस कारण यह चुनाव बेहद महत्वपूर्ण हो गया है।

### करीब तीन लाख लोग करेंगे वोट

बता दें, मालदीव में रविवार को करीब 2,85,000 लोग मतदान कर सकेंगे और अगले दिन तक परिणाम आने की संभावना है। कुल 93 सीटों पर चुनाव होना है। वर्तमान में विपक्षी दल मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी का 41 सीटों के साथ पीपुल्स मजलिस (संसद) में दबदबा कायम है। संसद में बहुमत न होने से मुइज्जू के लिए किसी भी कानून को बनाना मुश्किल हो रहा है।

### देश की राजनीति काफी दिलचस्प

वैश्विक पूर्व–पश्चिम शिपिंग लेन देश की 1,192 छोटे द्वीपों की श्रृंखला से गुजरती हैं, जो भूमध्य रेखा के पार लगभग 800 किलोमीटर (500 मील) तक फैली हुई है। मालदीव मुख्य रूप से दक्षिण एशिया में सबसे महंगे छुट्टी स्थलों में से एक के रूप में जाना जाता है। फिलहाल देश की राजनीति काफी दिलचस्प बनी हुई है। 45 वर्षीय राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने पिछले सितंबर में चीन समर्थक पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन के प्रॉक्सी के रूप में राष्ट्रपति चुनाव जीता था।

### भारत विरोधी बनना पड़ेगा भारी?

मुइज्जू लगातार चीन समर्थक होने का उदाहरण पेश करते रहे हैं। इस बात का प्रमाण उन्होंने जनवरी में बीजिंग का दौरा करके दिया था, जहां कई समझौतों का करार किया गया था। वे मालदीव के पहले राष्ट्रपति बने थे, जिन्होंने दिल्ली से पहले बीजिंग का रुख किया। इतना ही नहीं, इस महीने उन्होंने चीनी राज्य के स्वामित्व वाली कंपनियों के साथ कई अनुबंध किए। वहीं, मालदीव के जलक्षेत्र में हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने की अनुमति से पीछे हटने और नौसैनिक हेलिकॉप्टरों का संचालन करने वाले सैनिकों को बाहर करने का फरमान भी राष्ट्रपति बनते सुनाया था। इंडिया आउट अभियान के दम पर चुनाव जीतने वाले मुइज्जू कई बार भारत के खिलाफ टिप्पणी कर चुके हैं। अब लोगों में इसका कितना असर है, यह चुनाव परिणाम तय करेंगे। मुइज्जू के एक वरिष्ठ सहयोगी का कहना है, 'रविवार के चुनाव में पार्टियां वोटों के लिए प्रचार कर रही हैं, इसलिए भू–राजनीति पृष्ठभूमि में है। वह भारतीय सैनिकों को वापस भेजने के वादे पर सत्ता में आए थे और वह इस पर काम कर रहे हैं। सत्ता में आने के बाद से संसद उनके साथ सहयोग नहीं कर रही है।' हालांकि, भारत यही चाहेगा कि मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) ही इस चुनाव में जीत दर्ज करे। एमडीपी को भारत समर्थक माना जाता है। एमडीपी के नेता और पूर्व विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद ने अपनी पार्टी की जीत का दावा किया है।

### बहुमत हासिल करना मुश्किल

मुइज्जू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) सहित सभी मुख्य राजनीतिक दलों में बंटवारे से किसी भी एक पार्टी के लिए बहुमत हासिल करना मुश्किल हो सकता है। लेकिन इस सप्ताह मुइज्जू को एक अलग उम्मीद मिली। दरअसल, उनके गुरु यामीन को फिलहाल भ्रष्टाचार के मामले में राहत मिली है। राजधानी माले की एक अदालत ने भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में फिर से मुकदमा चलाने का आदेश दिया, जिसमें यामीन को 2018 में फिर से चुनाव हारने के बाद जेल भेज दिया गया था। यामीन ने सत्ता में रहते हुए बीजिंग के साथ करीबी संबंध का भी समर्थन किया था, लेकिन उनकी सजा के कारण वह पिछले साल के राष्ट्रपति चुनाव में अकेले चुनाव लड़ने में असमर्थ रहे। इसलिए उन्होंने मुइज्जू को मैदान में उतारा था।

### बहुमत हासिल करना मुश्किल

मुइज्जू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) सहित सभी मुख्य राजनीतिक दलों में बंटवारे से किसी भी एक पार्टी के लिए बहुमत हासिल करना मुश्किल हो सकता है। लेकिन इस सप्ताह मुइज्जू को एक अलग उम्मीद मिली। दरअसल, उनके गुरु यामीन को फिलहाल भ्रष्टाचार के मामले में राहत मिली है। राजधानी माले की एक अदालत ने भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में फिर से मुकदमा चलाने का आदेश दिया, जिसमें यामीन को 2018 में फिर से चुनाव हारने के बाद जेल भेज दिया गया था। यामीन ने सत्ता में रहते हुए बीजिंग के साथ करीबी संबंध का भी समर्थन किया था, लेकिन उनकी सजा के कारण वह पिछले साल के राष्ट्रपति चुनाव में अकेले चुनाव लड़ने में असमर्थ रहे। इसलिए उन्होंने मुइज्जू को मैदान में उतारा था।

# अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन अगले सप्ताह जाएंगे चीन

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन जल्द ही चीन का दौरा करने वाले हैं। इसकी जानकारी देते हुए अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया कि ब्लिंकन 24 से 26 अप्रैल तक चीन की यात्रा पर रहेंगे। विदेश विभाग का कहना है कि ब्लिंकन शंघाई और बीजिंग में चीनी अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए मिलेंगे। इस दौरान मध्य पूर्व संकट, यूक्रेन के खिलाफ रूस का युद्ध, क्रॉस-स्ट्रेट मुद्दे और दक्षिण चीन सागर पर भी बात होगी।

### इन मुद्दों पर भी होगी बात

एक बयान में कहा गया, 'विदेश मंत्री नवंबर में वुडसाइड शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति बाइडन और शी द्वारा किए गए प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए चल रहे कार्यों पर भी चर्चा करेंगे, जो कि काउंटरनार्कोटिक्स सहयोग, सैन्य-से-सैन्य संचार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर है।'

### यह लोग भी रहेंगे मौजूद

विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ सार्वजनिक कूटनीति और सार्वजनिक मामलों की अवर सचिव लिज एलेन, पूर्वी एशियाई और प्रशांत मामलों के ब्यूरो के सहायक सचिव डैनियल क्रिटेनब्रिंक, अंतरराष्ट्रीय नारकोटिक्स और कानून प्रवर्तन मामलों के ब्यूरो के सहायक सचिव टॉड रॉबिन्सन और साइबरस्पेस और डिजिटल नीति के लिए बड़े पैमाने पर राजदूत नथानिएल फिक भी होंगे।



### महत्वपूर्ण मुद्दों पर काम करना लक्ष्य

विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'मंत्री की यात्रा निश्चित रूप से अमेरिका-चीन संबंधों को मजबूत करने के लिए होगी। वहीं, यह यात्रा पिछले एक साल में हमारी गहन कूटनीति पर आधारित होगी। सबसे पहले महत्वपूर्ण मुद्दों पर काम करना लक्ष्य है।

हमारा मानना है कि उच्च स्तरीय कूटनीति हमें उन मुद्दों पर आगे बढ़ने के लिए दबाव डालने की अनुमति देती है जो अमेरिकी लोगों और दुनिया के लिए मायने रखते हैं और जहां पीआरसी के साथ सीधा जुड़ाव विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।'

### हमेशा की तरह इस बार भी हमारे हितों के लिए बोलेंगे

उन्होंने आगे कहा कि विदेश मंत्री जैसा हमेशा करते हैं, वैसा ही इस बार करेंगे।

वह सीधे रूप से द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अमेरिका की चिंताओं पर बात करेंगे। वह हमारे मूल्यों और हमारे हितों के लिए बोलेंगे।

# पंजाब-पख्तूनख्वा की 21 सीटों पर उपचुनाव, कॉल-इंटरनेट पर पाबंदी, ईसीपी की निगरानी के बीच मतदान संपन्न

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पंजाब और बलूचिस्तान के विशिष्ट जिलों में कड़ी सुरक्षा के बीच रविवार को 21 प्रांतीय सीटों पर उपचुनाव हुआ। पाकिस्तान चुनाव आयोग की निगरानी में चुनाव शाम 5 बजे तक चला।

पाकिस्तान में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पंजाब और बलूचिस्तान के विशिष्ट जिलों में कड़ी सुरक्षा के बीच रविवार को 21 प्रांतीय सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान हुआ। पाकिस्तान चुनाव आयोग की निगरानी में चुनाव सुबह 8 बजे से शुरू हुआ। लोगों ने शाम 5 बजे तक अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

पाकिस्तान में आम चुनाव राष्ट्रीय असेंबली और चार प्रांतीय विधानसभा के लिए 8 फरवरी को हो चुका है। इस दौरान एक नेशनल असेंबली सीट, दो पंजाब विधानसभा सीट और



खैबर खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा की एक सीट के लिए मतदान रद्द हो गया था। वहीं एक से अधिक सीट जीतने वाले उम्मीदवारों ने चुनाव के बाद केवल एक ही सीट चुनी। इस कारण से पाकिस्तान चुनाव आयोग को 21 सीटों पर उपचुनाव आयोजित करना पड़ा। इन 21 सीटों में पांच राष्ट्रीय और 16 प्रांतीय विधानसभा सीटें शामिल थीं।

पाकिस्तान चुनाव आयोग ने इन सीटों पर 21 अप्रैल को उपचुनाव कराने का निर्णय लिया। उपचुनाव से एक दिन पहले संघीय सरकार ने बताया कि उपचुनाव के दौरान पंजाब और बलूचिस्तान के विशिष्ट जिलों में सेलुलर सेवाएं और इंटरनेट बंद रहेगा। पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण (पीटीए) ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया की अखंडता और सुरक्षा की रक्षा के लिए यह निर्णय लिया गया है।

**सीएएफ और पाकिस्तानी सेना भी रहेगी तैनात :** ईसीपी ने संघीय सरकार से शांति बनाए रखने के लिए पाकिस्तानी सेना और नागरिक सशस्त्र बल (सीएएफ) के सैनिकों की तैनाती को मंजूरी देने के लिए कहा था। आंतरिक मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी अपनी अधिसूचना में कहा कि सीएएफ और पाकिस्तान सेना इकाइयों को सुरक्षा के लिए सभी 21 निर्वाचन क्षेत्रों में 22 अप्रैल तक तैनात रहेंगे।

**इन्होंने छोड़ी थी सीटें :** पंजाब में कसूर और लाहौर सीटों को प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ और मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने खाली कर दिया। जबकि शहबाज ने लाहौर में अपनी दो प्रांतीय विधानसभा सीटें भी छोड़ दीं।

# आर्थिक तंगी: पाकिस्तान ने एक सप्ताह के भीतर उधार लिए 657 अरब रुपये

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान गंभीर आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सरकार बनने के बाद बीते एक हफ्ते में पाकिस्तान 657 अरब रुपये उधार ले चुका है।

भारत का यह पड़ोसी ओवरऑल अब तक लाखों करोड़ रुपये का ऋण ले चुका है। आर्थिक संकट से जूझ रहे प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान सरकार ने एक सप्ताह के भीतर बैंकों से 657अरब पाकिस्तानी रुपया उधार लिया है। यह खुलासा डॉन ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में दी।

यह कर्ज सरकार ने अपने बढ़ते खर्चों को पूरा करने के लिए लिया है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) के आंकड़ों से पता चला है कि वाणिज्यिक बैंकों से सरकार की उधारी 1 जुलाई 2023 से 5 अप्रैल 2024 तक रिकॉर्ड 5.5 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपये तक पहुंच गई है।

5.5 लाख करोड़ तक पहुंची कुल उधारी वहीं, 13 अप्रैल को एसबीपी की रिपोर्ट के अनुसार वाणिज्यिक बैंकों से सरकार की उधारी 4.8 लाख करोड़ थी। इससे पता चलता है कि एक सप्ताह के दौरान सरकार ने करीब 657 अरब पीकेआर का उधार लिया। डॉन के अनुसार यह भारी उधारी अर्थव्यवस्था पर अत्यधिक बोझ डाल रही है। जून तक 7 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है उधारी

वित्तीय विशेषज्ञों का मानना है कि आईएमएफ के साथ नया समझौता पाकिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार से उधार लेने का रास्ता खोल सकता है। साथ ही जून 2024 के अंत तक उधारी 7 लाख करोड़ तक पहुंच सकती है।

## यहूदी विरोधी विवाद को लेकर बढ़ा पुलिस प्रमुख मार्क राउली पर इस्तीफे का दबाव, ब्रेवरमैन ने भी की मांग

**लंदन।** ब्रिटेन के सबसे बड़े पुलिस बल द्वारा एक यहूदी विरोधी प्रचारक को खुले तौर पर यहूदी कहने के लिए मेट्रोपॉलिटन पुलिस कमिश्नर सर मार्क राउली निशाने पर हैं। हालांकि राउली ने इसे लेकर व्यक्तिगत रूप से दो बार बल की ओर से माफी मांगी है। इस बीच,अब उन्हें ब्रिटेन के पुलिस मंत्री क्रिस फिलिप के साथ बैठक के लिए बुलाया गया है। क्रिस फिलिप ने इससे पहले कहा था कि वे फलस्तीन समर्थक रैलियों में प्रदर्शनकारियों से निपटने के पुलिस बल के तरीके को लेकर चिंतित हैं। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के सहायक आयुक्त मैट ट्विस्ट ने इस बारे में कहा कि हमारे एक अधिकारी द्वारा खुले तौर पर यहूदी शब्द का उपयोग बेहद खेदजनक है। यह शब्दों का एक खराब चयन था। उन्होंने आगे कहा कि हालांकि इसका कोई इरादा नहीं था। हम जानते हैं कि इससे लोगों को ठेस पहुंचेगी। इसके लिए हम क्षमा चाहते हैं।

# रूस की चेतावनी: पाकिस्तान ने फिर भेजा 'गंदा' चावल तो खरीदना कर देंगे बंद

**रूस।** रूस ने साल 2019 में भी पाकिस्तान से आने वाले चावल में स्वास्थ्य संबंधी कारणों से प्रतिबंध लगा दिया था। दिसंबर 2006 में भी रूस ने पाकिस्तान से आने वाले चावल पर प्रतिबंध लगाया था। रूस ने पाकिस्तान को चेतावनी दी है कि वह पाकिस्तान से आने वाले चावल पर रोक लगा देगा। रूस ने यह धमकी इसलिए दी है क्योंकि पाकिस्तान से आई चावल की खेप में एक ऐसा कीटाणु मिला है, जो अगर अनियंत्रित हो जाए तो फसलों को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। यही वजह है कि रूस ने धमकी दी है कि अगर फिर से बिना पूरी सावधानी और सफाई बरते चावल भेजा तो वह इसे प्रतिबंधित कर देंगे।

**रूस ने चावल खरीद पर रोक की दी धमकी :** रूस की संघीय संस्था वेटरनरी एंड फाइटोसैनिट्री सर्विलांस ने



पाकिस्तान से आए चावल को दूषित पाया और इसे लेकर नोटिफिकेशन भी जारी किया था। रूस ने पाकिस्तान पर अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि अगर आगे सावधानी नहीं बरती गई तो रूस, पाकिस्तान से चावल का आयात बंद कर देगा। रूस ने पाकिस्तान के व्यापार प्रतिनिधि के सामने अपनी नाराजगी जाहिर की है और उनसे मामले की जांच कराने को कहा है। रूस के शीर्ष अधिकारियों ने पाकिस्तान के दूतावास को भी पत्र लिखकर भविष्य में निर्यात के अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन रोकने को कहा। रूस स्थित पाकिस्तानी दूतावास ने रूसी सरकार की चिट्ठी को पाकिस्तान के खाद्य सुरक्षा मंत्रालय के पादप सुरक्षा विभाग को भेज दिया है। पत्र में साफ कहा गया है कि अगर भविष्य में भी चावलों में सफाई संबंधी समस्या मिली तो पाकिस्तान से चावल खरीद पर रोक लगा दी जाएगी।

### पहले भी पाकिस्तान के चावल पर पाबंदी लगा चुका है रूस

गौरतलब है कि रूस ने साल 2019 में भी पाकिस्तान से आने वाले चावल में स्वास्थ्य संबंधी कारणों से प्रतिबंध लगा दिया था। दिसंबर 2006 में भी रूस ने पाकिस्तान से आने वाले चावल पर प्रतिबंध लगाया था। पाकिस्तान की चावल निर्यात एसोसिएसन के अध्यक्ष चेला राम केवलानी ने रूस की नाराजगी पर कहा कि पाकिस्तान के चावल निर्यातकों को चावलों को चुनने और उनकी पैकेजिंग में सावधानी रखने की जरूरत है।

### भारत के निर्यात पर रोक से पाकिस्तान को हुआ फायदा

भारत द्वारा बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध से पाकिस्तान को फायदा मिला है। भारत दुनियाभर में बिकने वाले चावल का 40 प्रतिशत निर्यात करता है। भारत द्वारा निर्यात पर रोक का फायदा पाकिस्तान को मिला है और दिसंबर 2023 में पाकिस्तान ने सात लाख टन चावल का निर्यात किया, जो कि किसी भी वित्तीय वर्ष के एक महीने में सबसे ज्यादा है। पाकिस्तान के चावल निर्यातकों को उम्मीद है कि पाकिस्तान वित्तीय वर्ष 2023–24 में 50 लाख मीट्रिक टन चावल का निर्यात कर सकता है, जो कि पिछले वित्तीय वर्ष के 37 लाख मीट्रिक टन की तुलना में काफी ज्यादा है।

# अमेरिका ने इस्राइल की एक सैन्य बटालियन पर प्रतिबंध लगाने का लिया फैसला

**तेल अवीव।** इस्राइली मंत्री इतामर बेन ग्विर और बेजेल स्मोट्रिच ने भी अमेरिका के फैसले की कड़ी आलोचना की। ग्विर ने कहा कि हमारे सैनिकों पर प्रतिबंध लगाना खतरे का संकेत है। यह कदम बेहद गंभीर है और नेत्जाह येहुदा के सदस्यों की रक्षा की जानी चाहिए। अमेरिका ने एक तरफ इस्राइल की मदद के लिए हाथ बढ़ाए तो दूसरी तरफ आंखें टेढ़ी कर दी। अमेरिकी संसद ने इस्राइल के लिए 13 अरब डॉलर की नई सैन्य सहायता को मंजूरी दी है। वहीं दूसरी ओर अमेरिका इस्राइल की एक सैन्य बटालियन पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रहा है। ये प्रतिबंध बटालियन द्वारा फलस्तीनी लोगों के खिलाफ किए गए मानवाधिकार उल्लंघन के लिए लगाया जा सकता है। हालांकि, इस कदम की इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने निंदा की है। इस बटालियन पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी फलस्तीन



के वेस्ट बैंक में इस्राइली सेना पर मानवाधिकार उल्लंघन के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। ऐसे में अब अमेरिका वहां आम लोगों को निशाना बनाने के आरोप में नेत्जाह येहुदा बटालियन पर प्रतिबंध लगाने का एलान कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो किसी इस्राइली सैन्य टुकड़ी के खिलाफ बाइडन प्रशासन की पहली कार्रवाई होगी। हमारे सैनिकों पर प्रतिबंध लगाना खतरे का संकेत इस्राइली मंत्री इतामर बेन ग्विर और बेजेल स्मोट्रिच ने भी अमेरिका के फैसले की कड़ी आलोचना की। ग्विर ने कहा, 'हमारे सैनिकों पर प्रतिबंध लगाना खतरे का संकेत है।

### आगबबूला हुए पीएम नेतन्याहू

अमेरिका के इस संभावित कदम से इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू खासे नाराज दिख रहे हैं। उन्होंने शनिवार रात कहा, ह्यइस्राइली रक्षा बलों पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाना चाहिए। हमारे सैनिक आतंकवादी से लड़ रहे हैं। आईडीएफ यूनिट पर प्रतिबंध लगाने का इरादा बेतुकापन है।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं जिस इस्राइली सरकार का नेतृत्व कर रहा हूं, वह इन कदमों के खिलाफ सभी तरीकों से कार्रवाई करेगी।' बता दें कि अमेरिका इससे पहले ईरान पर भी इस्राइल पर हमला करने के लिए कई तरह से प्रतिबंध लगा चुका है। इसके बाद इस्राइल के खिलाफ उनका एक्शन कई तरह के सवाल खड़े करते हैं।

# यूपी में 80, देश में 400 पार, बहुमत से आ रही है मोदी जी की सरकार : नीरज सिंह

## समरकूल के चेयरमैन एवं भाजपा नेता ने अपने संस्थान पर व्यापारियों का कार्यक्रम कराकर दिया बड़ा संदेश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रविवार को भाजपा के युवा नेता नीरज सिंह का गाजियाबाद लोकसभा चुनाव में अनेक कार्यक्रम में रहना हुआ। सबसे पहला व्यापारी समर्थन कार्यक्रम भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल उद्योग मंच के प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता के समरकूल प्रतिष्ठान पर सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम बड़ी माला पहनाकर समरकूल परिवार व व्यापार मण्डलों ने नीरज सिंह का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में शहर के सैकड़ों व्यापारी सम्मलित रहे। जिन्होंने भाजपा के प्रत्याशी अतुल गर्ग को भारी बहुमत से जिताने की बात नीरज सिंह के समक्ष रखी।

कार्यक्रम में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, पूर्व अध्यक्ष अशोक मोंगा, पूर्व महापौर आशा शर्मा, पृथ्वी सिंह कसाना, पवन गोयल, मयंक गोयल, वीके अग्रवाल, बीके शर्मा हनुमान, महामंत्री राजेश त्यागी, व्यापार मण्डल के अध्यक्ष सुभाष छाबड़ा, अतुल जैन, सुबोध गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, बाल किशन बालू भाई, अनिल अग्रवाल सांवरिया, राजू छाबड़ा, विजय मोहन गर्ग, प्रवीन चौधरी, ओम दत्त कोशिक, जय कमल अग्रवाल, राहुल तोमर, विवेक प्रकाश गर्ग, विरेंद्र सहरावत, संजीव जांगिड, अश्वनी शर्मा, सुरेश्वर प्रभु, के साथ समरकूल के डायरेक्टर राजीव गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, तुषार गुप्ता, तनुज गुप्ता, रोहित गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### संजीव कुमार गुप्ता भी कूलर की तरह ही देते हैं ठंडी हवा : भाजपा नेता

**(करंट क्राइम)।** नीरज सिंह ने संजीव कुमार गुप्ता की तारीफ करते हुए कहा कि, इनका व्यवहार भी इनके काम की तरह शीतल है। क्योंकि इनका कूलर भी ठंडी हवा देता है। और इसी तरह इनका व्यवहार भी सभी को ठंडक प्रदान करता है। कार्यक्रम के अंत में समरकूल के चेयरमैन ने नीरज सिंह का धन्यवाद करते हुए कहा कि नीरज भैया का आशीर्वाद उन्हें हमेशा ही प्राप्त होता है। और वह मेरी एक सूक्ष्म सूचना पर भी हमारे मार्गदर्शन के लिए उपस्थित हो जाते हैं। इसके लिए मेरा परिवार सदैव नीरज भैया का आभारी रहेगा। इस कार्यक्रम का संचालन भानु सिसौदिया ने किया ।

### गाजियाबाद की जीत होगी ऐतिहासिक : नीरज सिंह

**(करंट क्राइमद्ध)।** बैठक में नीरज सिंह ने कहा कि मोदीजी के नेतृत्व में देश और योगीजी के नेतृत्व में उतर प्रदेश आज तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। इस चुनाव को लेकर पूरे देश में एक अलग ही तरह का उत्साह है। भाजपा प्रत्याशी के संबंध में बताते हुए कहा कि अतुल गर्ग बहुत पहले से ही गाजियाबाद के विकास की चिंता करते आये हैं। जब माननीय राजनाथ सिंह गाजियाबाद के सांसद थे। तब भी वह गाजियाबाद के विकास की रूपरेखा तैयार करने के लिए उनके समक्ष आते रहते थे। उन्होंने कहा कि आज यहां आप सभी व्यापारी बन्धुओं को एक साथ भाजपा के समर्थन में एकजुट देखकर मेरा मानना है कि गाजियाबाद की जीत इस बार ऐतिहासिक होने जा रही है।





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** यूथ आइकॉन नीरज सिंह रविवार को दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी के आवास पर पहुंचे। इस दौरान दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता एवं करंट क्राइम की डिजीटल टीम के हैड दीपक जोशी मौजूद थे। यूथ आइकॉन नीरज सिंह ने इस अवसर पर परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की ओर सभी से बात की।

# यूथ आइकॉन नीरज सिंह गौर होम्स सोसायटी के पूर्व आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अतुल त्यागी के यहां पहुंचे





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बीजेपी नेता यूथ आइकॉन नीरज सिंह गौर होम्स सोसायटी के पूर्व आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अतुल त्यागी के यहां पहुंचे। अतुल त्यागी बीजेपी नेता भी है। इस दौरान नीरज सिंह ने यहां सोसायटी के निवासियों से बीजेपी को समर्थन देने की अपील की। उन्होंने कहा कि बीजेपी के शासन काल में कानून का शासन होता है। बीजेपी सब का साथ सब का विकास में विश्वास करती है।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कांग्रेस नेता सुशांत गोयल अमरोहा के प्रभारी है और वो अमरोहा में डेरा डाल कर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। अमरोहा में गठबंधन उम्मीदवार के पक्ष में हुई जनसभा के दौरान सुशांत गोयल ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की ।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड 11 की बीजेपी पार्षद छाया त्यागी और उनके पति तथा पूर्व बीजेपी महानगर कार्यालय प्रभारी संजय त्यागी ने रविवार को बीजेपी लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के लिए क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया और जनता से उनके लिए वोट मांगे। जनता को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

## चिन्टू जी




चिंटू जी : अगर पार्टी के ज़िम्मेदार चेहरे, पुराने कार्यकर्ता संजय शर्मा की करा देते धामी जी से मुलाकात, तो कम से कम इस चेहरे के फेसबुक पर नहीं आते इस तरह के जज्बात, हो जाता इनके पक्ष में कुछ समाधान, जिसकी जमीन पर कर लिया हो किसी ने कब्जा, समझ जाओ उसके दिल पर क्या गुजरती हो श्रीमान ।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मीडिया वाले चौधरी तो रख ही सकते थे अपने प्रिय बालू भैया का ध्यान? सुना है चौधरी साहब का इनके साथ बैठना है सुबह और शाम? मंच से ये भी कर रहे होंगे बालू भैया की अनदेखी फील? चौधरी साहब तो मंच पर ही मौजूद थे? फिर क्यों नहीं दिया उन्होंने इस बात पर ध्यान? गोपाल भैया कौन सा उनसे हजारो किलोमीटर दूर थे? बस कुछ कदम तय करके नाम ही तो उन तक पहुंचाना था श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भले ही गाजियाबाद के चुनाव में हाथ वाले सुशांत भैया नजर नहीं आयें हों राहुल जी और अखिलेश जी के आस-पास? हमें पता है इस चुनाव में कराने वाले करा भी नहीं रहे हैं उनको अपनेपन का एहसास? मगर सुशांत भैया जानते है कि नहले पर देहला कैसे चला जाता है साहब? अमरोहा से आई तस्वीरों ने कर दिया सबकुछ साफ? यहां पर सुशांत भैया ने राहुल जी और अखिलेश के साथ शानदार तरीके से की मुलाकात? करा दिया एहसास, तुम डाल-डाल हो तो हम हैं पात-पात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार वाले खेमका जी का मामला है बहुत ज्यादा फाईन? जब वो खींचते हैं तो फिर खींच ही लेते हैं सामने वाले से लंबी लाईन? हमने देखा गर्ग साहब के पक्ष में उन्होंने रोड शो निकाला शानदार? मगर यहां पर दिखाई दे रहा था दिल में दबा हुआ गुब्बार? भगवा कमिश्नर को इन्होंने रखा अपने रोड शो से दूर? दे दिया संदेश जैसी तुम्हारी वार फेर, वैसा ही है हमारा नाच हुजूर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बहुत दिनों बाद अरूण जी के तरूण के चेहरे पर देखी हमने मुस्कुराहट? दुख भरे दिन बीते रे भैया, ऐसा लग रहा था उनका अंदाज? हमने देखा धामी जी ने तरूण जी को देखकर शिद्दत से की उनसे मुलाकात? हाल चाल भी पूछे और कार्यक्रम में लेकर भी गये वो उनको अपने साथ? इन गतिविधियों को देखकर हो रहा था दिल जलों के दिल में क्लेश? कई चेहरों के गले नहीं उतर रहा था शर्मा जी का ये वाला स्वैग?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि सन वाले एरिया में है एक सिटी का ठिकाना? सुना है यहां पर वर्तमान वाले भगवा कमिश्नर और पूर्व वाले भगवा कमिश्नर के बीच में नहीं बैठता है ताना-बाना? संगठन और द यूनियन की समन्वय बैठक में दोनों को किया गया था मन मुटाव करने के लिए सचेत? मगर अभी तो दोनों की मुस्कुराती हुई एकसाथ तस्वीरें सामने नहीं आईं हैं? जाहिर सी बात है संदेश देने के बाद भी खत्म नहीं हुआ है दोनों का क्लेश?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बात नदिया पार वाले खूब कर रहे हैं श्रीमान? वो कह रहे हैं ये हकीकत में हो रहा है या मामला है बाईचांस? नदिया पार के भगवा रावत जब भी लगते हैं किसी के साथ? हमने देखा उस चेहरे की हमेशा बिगड़ जाती है बात? पहले वो नजर आते थे जनरली साहब के साथ? क्या हुआ सबको पता है? इससे ज्यादा और क्या बतायें बात? फिर भी बात को करना हो पुख्ता? तो रावत जी, सच्ची में आनंद लेने वाले, अपनी नाम राशि वाली दीदी और पूरे मान से किसी के साथ रहे? जिनके साथ भी रहे किसी के सर भी नहीं बंधे टिकट वाले सहरे?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि लेडी फ्रंट वाली दीदी का हकीकत में है बहुत बड़ा दिल? अपने विरोधियों के तीरों को भी वो हंस कर झेलती हैं? ऐसी जानकारी हमें फेसबुक से मिली थी श्रीमान? बिना नाम लिये ठाकुर दीदी कर रहीं थी इन पर शब्दों की तीखी वाली अर्चना? जिसका त्यागी दीदी ने तुरंत लिया संज्ञान? ठाकुर दीदी की पोस्ट पर किया त्यागी दीदी ने मुस्कुराकर रिएक्ट? एहसास कराया कि कितने ही कर लो तुम हम पर सितम? हमें पता है टिकट नहीं होने का है तुमको गम? ये प्यार ना होगा कम, मेरी फ्रेंड तेरी कसम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कोई अब कितना ही जोर लगा ले? भगवा गागर में सागर भरने वाले मिस्टर नागर और रैडफेस मैन मिस्टर यादव बिल्कुल भी नहीं छोड़ेंगे विजय नगर वाला चुनाव कार्यालय? कहने वाले ने कहा कि इन दोनों को मिला है कहीं से बड़ा ज्ञान? कहने वाले ने कहा है कार्यालय पर आप दोनों फैवीकोल के मजबूत जोड़ की तरह चिपके रहो श्रीमान? नहीं दिया अगर इन शब्दों पर ध्यान? तो सावधानी हटी और दुर्घटना घटी वाला हो जायेगा आपके साथ काम? आप तो जानते ही हो कि इन दिनों टिकट को लेकर रेडफेस मैन कितने कॉन्शियस हैं श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब यूथ आईकॉन भैया गर्ग साहब के पक्ष में भाषण दे रहे थे साहब? तब उनको सुनकर एक कार्यकर्ता के बाहर आ गये जज्बात? कार्यकर्ता ने कहा मेरे दिल की है यही चाहत? भैया जी को शहर सीट से चुनाव लड़ा दिया जाये? तभी मिलेगी दिलजले ठाकुर समाज के चेहरों को राहत? एक पंत से हो जायेंगे दो काज? इधर भैया जी के चुनाव लड़ने से हमारे दिल की इच्छा पूरी होगी? वहीं खुश हो जायेंगे वो चेहरे जो हैं इस वक्त बहुत ज्यादा नाराज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि यूथ आईकॉन नीरज सिंह यूं ही नहीं करते हैं जल्दी से किसी की तारीफ? जब करते हैं किसी की तारीफ तो मामला होता है बहुत ज्यादा बारीक? हमने देखा नाईस मैन संजीव गुप्ता के प्रतिष्ठान पर वो बहुत ही शानदार भाषण दे रहे थे श्रीमान? अपने भाषण में उन्होंने धौलाना विधायक धर्मेश तोमर की वर्किंग की जमकर प्रशंसा की? जिसने खींच लिया मौके पर कई चेहरों का ध्यान?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। एक भाई का हैप्पी बर्थडे हो और दूसरा भाई हैप्पी कामना ना करे ऐसा नहीं हो सकता। बड़े भाई जन्मेजय त्यागी का जन्मदिन है तो उनके छोटे भाई रूद्रप्रताप त्यागी ने भतीजे दिग्गज सिंह त्यागी के साथ हवन पूजन कर ईश्वर से सुख समृद्धि की कामना की। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।